● जयपुर, मंगलवार, 25 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 297 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @4 दिया कुमारी को दिया जाएगा वूमेन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ ...
पेज @5 राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसाइटी की...
पेज @6 कोटा में कांग्रेस ने नीट भर्ती निरस्त, बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था....

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की रणनीति और प्रयास लाए रंग प्रदेश को मिली बड़ी राहत

# अब 'राजस्थान में खत्म होगा बिजली संकट' ! प्रदेश में निर्बाध रूप से सुचारू रहेगी विद्युत आपूर्ति : सीएम भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** भीषण गर्मी के बीच बिजली की समस्या से परेशान राजस्थान के लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। अब राज्य को 400 मेगावाट बिजली और मिलेगी। केंद्रीय मंत्रालय ने गर्मी को देखते हुए राजस्थान को 400 मेगावाट अनावटित बिजली देने का फैसला लिया है। बिजली की आपूर्ति 26 जून यानि कल से ही से शुरू होगी। सरकार के इस फैसले के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। दरअसल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बीते दिनों केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से प्रदेश में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के मुद्दे को लेकर मुलाकात की थी। अब केंद्र सरकार की ओर से राजस्थान को 400 मेगावाट अनावंटित बिजली देने का फैसला किया है। सरकार ने राजस्थान को 2 रीजनल पूल से अनावंटित बिजली का कोटा देने निर्णय



किया है। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने 24 जून, 2024 को केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को पत्र लिखकर राजस्थान को दक्षिण एवं पश्चिम रीजन के अनावंटित पूल से 200-200 मेगावाट (कुल 400 मेगावाट) बिजली 24 घंटे उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है।

### ● राजस्थान को मिली बड़ी राहत, निरंतर व्यवस्थित रूप से जारी रहेगी विद्युत आपूर्ति

केंद्र सरकार ने किया राज्य को 400 मेगावाट अनावंटित बिजली देने का फैसला, कल से ही शुरू हो जाएगी आपूर्ती केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को पत्र लिखकर दक्षिण एवं पश्चिम रीजन के अनावंटित पूल से 200- 200 मेगावाट बिजली 24 घंटे उपलब्ध कराने के लिए किया निर्देशित दक्षिण एवं पश्विम रीजन के अनावंटित पूल से राजस्थान को मिलेगी 400 मेगावाट बिजली मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन एवं बिजली की आपूर्ति के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। गत दिनों राजस्थान को छत्तीसगढ़ में फंसा 4 लाख मीट्रिक टन (लगभग 100 रैक्स) कोयले की आपूर्ति का निर्णय भी हुआ था। इस कोयले से प्रदेश के पावर प्लांट्स में कोयले के भंडार बढ़ेंगे और आमजन को पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी। केंद्र सरकार के फैसले के बाद भजनलाल शर्मा ने एक्स पर लिखा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार 3.0 के विद्युत मंत्रालय द्वारा केंद्रीय उत्पादन केंद्रों के अनावंटित संग्रह से राजस्थान के लिए 400 मेगावाट बिजली का आवंटन किया जाना अभिनंदनीय है। विद्युत शक्ति विकास का आधार है और डबल इंजन सरकार राजस्थान में निर्बाध विद्युत की आपूर्ति कर विकास के इस आधार को सतत मजबूती प्रदान कर रही है।'

### हाल ही में छत्तीसगढ़ से सील कोयला मिलने पर बनी थी सहमति

कोयले की कमी और बिजली के आपूर्ति में कमी की चिंता दूर करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सक्रिय प्रयासों से छत्तीसगढ़ में फंसा 4 लाख मीट्रिक टन (लगभग 100 रेक) कोयला अब राजस्थान को मिलेगा। इस कोयले से प्रदेश के पावर प्लांट्स में कोयले के भंडार बढ़ेंगे और आमजन को पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने छत्तीसगढ़ के कोरबा में आर्यन कोल बेनिफिकेशन इंडिया लिमिटेड (एसीबीईएल) को एसईसीएल की माइन से सूरतगढ़ और छबड़ा थर्मल पावर प्लांट के लिए कोयले के सप्लाई का 5 वर्ष के लिए आदेश दिया था। लेकिन जुलाई 2022 में छत्तीसगढ़ के राज्य कर (जीएसटी) विभाग, खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पर्यावरण विभाग की संयुक्त कार्यवाही के कारण एसीबीईएल की वाशरीज को सील कर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### हिसार में लव मैरिज करने पर कपल की हत्या, बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां

**हिसार/एजेंसी।** हरियाणा के हिसार में सोमवार सुबह लव मैरिज करने वाले कपल की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। दोनों के शव हांसी के लाला हुकुम चंद जैन पार्क में पड़े हुए मिले। दोनों कपल सुबह पार्क में बैठे हुए थे। करीब साढ़े 9 बजे बाइक पर आए 2 बदमाशों ने 7 राउंड फायरिंग की। जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और आसपास का एरिया सील कर दिया। मृतकों की पहचान नारनौंद के बड़ाला गांव का रहने वाले तेजवीर और हांसी के सुल्तानपुर गांव की रहने वाली मीना के रूप में हुई है। दोनों ने 2 महीने पहले ही शादी की थी। तेजवीर नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करता था। डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंच गए। दोनों के डेडबॉडी पार्क में पड़ी हुई थी। मौके से खोल मिले हैं।
पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में साफ हो पाएगा कि दोनों को कितनी गोलियां लगी हैं। मौके से एक चाबी मिली है। देखने में यह बाइक की लग रही है। अभी यह नहीं पता कि वह इनकी ही है या नहीं। परिवार के लोगों को सूचना दी गई है। उनके बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों ने पीएम मोदी को लिखा खत, जल संकट पर हस्तक्षेप की मांग

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों ने सोमवार को अपनी एक मीटिंग की। यह मीटिंग आतिशी के अनशन स्थल पर की गई। सभी की मांग है कि दिल्ली को उनके हक का पानी दिया जाए। सभी मंत्रियों ने अपने हस्ताक्षर किए हुए पत्र को प्रधानमंत्री को भी भेजने का फैसला किया है ताकि प्रधानमंत्री भी इस मामले में हस्तक्षेप कर जल संकट को दूर कर सकें।इसके साथ ही बैठक में प्रस्ताव लाया गया कि दिल्ली सरकार के सभी मंत्री एलजी के साथ एक जॉइंट विजिट वजीराबाद बैराज पर करेंगे ताकि सभी के सामने स्थिति साफ हो जाए। आम आदमी पार्टी के नेता और मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सोमवार को यह अहम बैठक जल मंत्री आतिशी के अनशन स्थल पर ही की गई और इस दौरान इस बात पर चर्चा हुई कि 30 साल पहले दिल्ली को जो पानी मिल रहा था, वही 30 साल बाद भी मिल रहा है, जबकि आबादी 3 गुना से ज्यादा हो गई है। गोपाल राय के मुताबिक, 30 साल पहले 1000 एमजीडी पानी जो तय हुआ था, लगभग वही पानी अभी भी मिल रहा है और अब जब मांग गर्मियों में बढ़ जाती है तो उसमें भी कटौती कर दी जाती है। 100 एमजीडी रोजाना पानी कम मिलने के चलते करीब 46 करोड़ लीटर पानी दिल्ली वालों को कम मिल रहा है, जिससे लगभग 28 लाख दिल्ली की जनता पानी के लिए तरस रही है।

## 18वीं लोकसभा का सत्र शुरू, पीएम मोदी ने ली सांसद पद की शपथ,

# देश चलाने के लिए सबकी सहमति जरूरी: पीएम मोदी

नई दिल्ली/एजेंसी।

18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हो गया है। सबसे पहले सदन में राष्ट्रगान हुआ, उसके बाद पिछले सदन के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पीएम मोदी ने लोकसभा सदस्य की शपथ ली। मोदी के बाद अन्य सांसद शपथ ले रहे हैं। सत्र शुरू होने से पहले संसद पहुंचे क्करू मोदी ने कहा- देश चलाने के लिए सबकी सहमति जरूरी है। हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। देश को एक जिम्मदार विपक्ष की जरूरत है।
संसद में आज और कल नए सांसद शपथ लेंगे। इससे पहले भाजपा सांसद भर्तुहरि महताब को सोमवार सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे। दूसरी ओर, कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने प्रोटेम



स्पीकर का विरोध किया है। विपक्ष का कहना है कि सरकार ने नियमों को दरकिनार कर भर्तुहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। वे 7 बार के सांसद हैं, जबकि कांग्रेस के के. सुरेश 8 बार के सांसद हैं। नियमों के अनुसार, कांग्रेस सांसद को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना चाहिए था।

### पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल में तीन गुणा काम करने का किया वादा

### इमरजेंसी को बताया लोकतंत्र पर काला धब्बा

नई दिल्ली/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू होने से पहले कहा कि उनकी सरकार तीसरे कार्यकाल में सबको साथ लेकर चलते हुए तीन गुणा काम करना चाहती है। उन्होंने देश में 50 साल पहले लगाए गए आपातकाल को याद करते हुए उसे लोकतंत्र पर काला धब्बा बताया।पीएम मोदी ने यहां संसद भवन परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, सरकार चलाने के लिए बहुमत होता है, लेकिन देश चलाने के लिए सहमति बहुत जरूरी होती है। इसलिए हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि हर किसी की सहमति के साथ, हर किसी को साथ लेकर मां भारती की सेवा करें, 140 करोड़ देशवासियों की आशा-आकांक्षाओं को परिपूर्ण करें। प्रधानमंत्री ने इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा, कल 25 जून है। जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा के प्रति समर्पित हैं, जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है। भारत के लोकतंत्र पर जो काला धब्बा लगा था, कल उसके 50 साल हो रहे हैं।

### दुनिया भारत के उत्थान को देख रही है, यह भारत का क्षण है : गौतम अदाणी



**अहमदाबाद/एजेंसी।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनावों और वैश्विक रिश्तों को खराब करने वाली अनिश्चितताओं के बीच दुनिया भारत के उत्थान को देख रही है और यह भारत का क्षण है।अदाणी एंटरप्राइजेज की वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि एक जटिल विश्व में भारत अब स्थायित्व, सहयोग और प्रगति की शक्ति बन चुका है। अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा, भारत की वृहद अर्थव्यवस्था की स्थिरता और महत्वाकांक्षी विकास योजनाएं हमारा विश्वास बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के बहुगुणक प्रभाव के मद्देनजर केंद्र सरकार ने इस पर फोकस करते हुए इसके लिए फंडिंग में 16 प्रतिशत का इजाफा किया और इस वित्त वर्ष में इसे 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कर दिया है।
गौतम अदाणी ने कहा कि उल्लेखनीय है कि पिछले पांच साल में इस क्षेत्र पर सरकार का खर्च तीन गुणा हो गया है। उन्होंने कहा, इससे भी ज्यादा बड़ी बात यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर उठाये गये कदम इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश के लिए मंच तैयार करते हैं, लेकिन ज्यादातर निवेश और कार्य राज्य सरकार के स्तर पर किये जा रहे हैं। हमारी बात करें तो हमारा कारोबार 24 राज्यों में है। पहलों को लागू करने में राज्य सरकारों की महत्वपूर्ण भूमिका के हम प्रत्यक्ष गवाह हैं।

## जल संकट के बीच आतिशी का चौथे दिन अनशन जारी

### कहा- 46 करोड़ लीटर पानी की है कमी

नई दिल्ली/एजेंसी।

राजधानी दिल्ली में जारी जल संकट के बीच आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की जल मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हुई हैं। सोमवार को उनके अनशन का चौथा दिन है। रोजाना उनके स्वास्थ्य की जांच हो रही है। जिसमें डॉक्टर के मुताबिक धीरे-धीरे उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है। आतिशी का कहना है कि दिल्ली वालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए उनका ये 'अनिश्चितकालीन अनशन' जारी रहेगा।
उन्होंने बताया कि दिल्ली का सारा पानी पड़ोसी राज्यों से आता है। दिल्ली का अपना कोई पानी नहीं है। हरियाणा की बीजेपी सरकार ने दिल्ली का 100 एमजीडी अर्थात 46 करोड़ लीटर से ज़्यादा पानी रोक रखा है। यह एक दिन में 28 लाख से ज़्यादा लोगों के काम आता है। 46 करोड़ लीटर पानी की वजह से




ही दिल्ली में कई इलाकों में पानी के लिए लोगों को तरसना पड़ रहा है। आतिशी ने हरियाणा सरकार पर आरोप लगाया कि बीते तीन हफ्तों से ज्यादा का समय हो गया जब 100 एमजीडी पानी लगातार कम छोड़ा जा रहा है। जिसकी वजह से यह जल संकट पूरी दिल्ली में फैलता जा रहा है।
उन्होंने कहा, मेरा यह अनिश्चितकालीन अनशन तब तक जारी रहेगा जब तक हरियाणा सरकार इन 28 लाख लोगों के हक का पानी नहीं छोड़ देती। मेरा स्वास्थ्य कितना भी बिगड़ जाए, लेकिन मैं दिल्ली वालों को उनके हक का पानी दिलाकर रहूंगी।
उधर, दिल्ली में जारी जल संकट पर आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच जुबानी जंग जारी है। दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। आम आदमी पार्टी के नेता दिल्ली के एलजी से भी मुलाकात कर आए हैं। लेकिन अभी तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है। यह जल संकट अब वीवीआईपी इलाकों तक पहुंचना शुरू हो गया है। इन इलाकों में भी अब लगभग एक समय ही पानी आता है।

**प्रोटेम स्पीकर को लेकर पक्ष-विपक्ष में टकराव**

### इंडिया गठबंधन ने संविधान की प्रति लेकर विरोध प्रदर्शन किया

### राहुल का वायनाड से इस्तीफा मंजूर

नई दिल्ली/एजेंसी।

राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। सोमवार को 18वीं लोकसभा का प्रथम सत्र प्रारंभ होने पर प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने यह जानकारी दी।इसके साथ ही 18वीं लोकसभा के शुरुआती सत्र में ही विपक्ष ने अपना विरोध जताया है। विपक्ष का यह विरोध प्रोटेम स्पीकर को लेकर है। लोकसभा के लिए भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब प्रोटेम स्पीकर बनाए गए हैं। कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने इस पर अपनी आपत्ति दर्ज की है।
इंडिया ब्लॉक का कहना है कि यह संसदीय परंपरा के खिलाफ लिया गया निर्णय है। कांग्रेस का कहना है कोडिकुन्निल सुरेश को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना चाहिए था, उनकी वरिष्ठता नजरअंदाज की गई है।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ है लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोडने् की कोशिश की। इसलिए आज हम यहां एकत्रित होकर विरोध कर रहे हैं। यहां पर गांधी जी की प्रतिमा थी और हम यहीं पर विरोध कर रहे हैं... हर लोकतांत्रिक नियमों को तोड़ा जा रहा है इसलिए हम बता रहे हैं कि मोदी जी आज संविधान के तहत चलिए।
टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, हम इसलिए विरोध कर रहे हैं क्योंकि प्रावधान संविधान की धाराओं का उल्लंघन किया गया है।

# नीट 2024 परीक्षा रद्द कर सरकार अपनी साख बचाए!

नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में जांच सीबीआई को सोंप दी गई है सीबीआई ने इस मामले में पहली एफआईआर दर्ज कर ली है। लेकिन केंद्र सरकार नीट परीक्षा को लेकर लगातार असमंजस की स्थिति में बनी है जैसा कि सर्व विदित है कि नीट 2024 की परीक्षा में पेपर लीक होने और कई परीक्षा केंद्रों पर कदाचार व गड़बड़ी की पुष्ट सूचना सार्वजनिक हो चुकी हैं एक ओर बिहार में एक रिजॉर्ट में पेपर लीक कर पहली रात को आनसर रटाए गए। वहीं हरियाणा के एक सैंटर पर ऐसा अलाउद्दीन का चिराग जलाया गया कि इस केंद्र के आठ छात्रों ने फुल में से फुल मार्क्स हासिल कर लिए।

इतना ही नहीं गुजरात के गोधरा के एक परीक्षा केंद्र पर नीट की परीक्षा देने के लिए दस लाख रुपये दे देकर केंद्र अलाट किया गया डेड़ हजार किलोमीटर से यहां अभ्यर्थियों ने पैसे देकर सैंटर चुना क्योंकि उन्हें इस सैंटर पर पेपर साल्व करने की सारी व्यवस्था मोटी रकम वसूल कर की गई थी। इन सभी गड़बड़ी के मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है और एक दर्जन से अधिक लोगों छात्रों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस के बावजूद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बयान बेहद अपरिपक्वता भरे है। शुरू में उन्होंने किसी गड़बड़ी से इंकार करते हुए एनटीए का बचाव करते नजर आए। जैसे जैसे मामला बढ़ रहा है प्रधान रोजाना पैतरा बदल रहे हैं। अब नीट में गड़बड़ी का मामला इतना बढ़ चुका है कि छात्र हर प्रदेश में सड़क पर आ रहे हैं कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी इस मामले में राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री से लेकर शिक्षामंत्री तक इस मामले में खुद समय पर कदम न उठा कर छात्रों को आंदोलित होने का मौका दे रहे हैं।

बता दें कि नीट पीजी की 23 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार पेपर लीक केस में बड़ा खुलासा हुआ है. आरोपी अनुराग यादव का कुबूलनामा सामने आया है। उसने पुलिस के सामने दर्ज कराए बयान में कहा है कि जो प्रश्न पत्र लीक हुआ, वही परीक्षा में आया और 100 प्रतिशत वही सवाल परीक्षा में पूछे गए थे. मेरे पास ये प्रश्न पत्र एक दिन पहले ही आ गया था। अनुराग का कहना था कि फूफा ने सेटिंग करवाई थी और उसे कोटा से पटना बुलवाया था. रात में हर प्रश्न का उत्तर रटवाया गया था. परीक्षा के बाद पुलिस ने मुझे गिरफ्तार कर लिया.दरअसल, 4 जून को नीट परीक्षा का रिजल्ट आया तो पहली बार 67 स्टूडेंट्स टॉपर बने और उन्हें 720 में से 720 अंक मिले. टॉपर्स की लिस्ट देखने के बाद नीट परीक्षा में धांधली का मुद्दा उठाया गया. 13 जून को एनटीए ने फैसला लिया कि ग्रेस मार्क्स वाले छात्रों की परीक्षा दोबारा आयोजित कराई जाएगी, लेकिन अभी भी छात्रों का गुस्सा थमा नहीं है. बिहार और गुजरात से सामने आई पेपर लीक की खबरों से एनटीए की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर कई सवाल खड़े हो गए हैं, इसीलिए छात्र मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे . धांधली के मामले में पटना और पंचमहल से कई गिरफ्तारियां हुई हैं. पटना में 13 लोग गिरफ्तार हुए हैं, जिनमें 4 छात्र शामिल हैं. पुलिस छानबीन में पता चला कि पेपर लीक हुआ था और गिरोह ने बच्चों को पास कराने के लिए लाखों रुपए वसूले थे।

पंचमहल में भी छात्रों से लाखों रुपए वसूले गए और गिरोह ने सही जवाब भरकर आंसर शीट जमा की.मामले में पुलिस की जांच पटना के जूनियर इंजीनियर सिकंदर प्रसाद यादवेंदु तक पहुंची। उससे पूछताछ की गई तो कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। उसने बताया कि परीक्षा धांधली में उसकी भी संलिप्तता है और अपने भतीजे अनुराग यादव के लिए उसने गड़बड़ी में भूमिका निभाई है। पटना के शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने अनुराग यादव से पूछताछ की और उसके इकबालिया बयान दर्ज किए हैं। अनुराग ने दावा किया है कि सेंटर पर परीक्षा के दिन वही पेपर मिला, जो एक दिन पहले ही उसे मुहैया करा दिया गया था। रातभर उसे हर प्रश्न रटवाया गया। 100 प्रतिशत वही सवाल पूछे गए थे। एक अन्य छात्र ने अनुराग यादव ने भी इकबालिया बयान में कहा है कि मैं परिदा थानानपुर, जिला समस्तीपुर का रहने वाला हूं. मैं अपनी सफाई का बयान बिना भय या दबाव, बिना लोभ लालच के शास्त्रीनगर थाने में दरोगा तेज नारायण सिंह के समक्ष दे रहा हूं। मैं नीट की परीक्षा की तैयारी कोटा में एलेन कोचिंग सेंटर में रहकर कर रहा था. मेरे फूफा सिंकदर यादवेंदु नगर परिषद दानापुर में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं. मेरे फूफा द्वारा बताया गया कि 5 मई 2024 को नीट की परीक्षा है. कोटा से वापस आ जाओ। परीक्षा की सेटिंग हो चुकी है। मैं कोटा से वापस आ गया और मेरे फूफा ने 4 मई 2024 की रात्रि में अमित आनंद, नीतीश कुमार के पास मुझे छोड़ दिया. यहां पर नीट की परीक्षा का प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका दिया गया। रात्रि में पढ़वाया और रटवाया गया। मेरा सेंटर डीवाई पाटिल स्कूल में था। मैं स्कूल में परीक्षा देने गया तो जो प्रश्न पत्र रटवाया गया थाा, वही प्रश्न सही-सही परीक्षा में मिल गया। परीक्षा के उपरांत अचानक पुलिस आई और मुझे पकड़ लिया. मैंने अपना अपराध स्वीकार किया। यही मेरा बयान है।

सिकंदर प्रसाद यादवेंदु बिहार के दानापुर नगर परिषद में जेई है. उसने हाल ही में कन्फेशन नोट में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। सिंकदर ने कहा, उसने 4 नीट परीक्षार्थियों आयुष राज, शिवनंदन कुमार, अभिषेक कुमार और अनुराग यादव की पटना में रहने में मदद की थी. अनुराग उसका भतीजा था. वो अपनी मां रीना कुमारी के साथ पटना आया था। यादवेंदु का कहना था कि वो एक रैकेट के संपर्क में था, जिसने ना सिर्फ नीट यूजीबल्कि बिहार लोक सेवा आयोग और संघ लोक सेवा आयोग परीक्षाओं के प्रश्न पत्र भी लीक किए थे. इसके अलावा, जिस गेस्ट हाउस में परीक्षार्थी रुके थे, वहां के बिल भी हासिल किए गए हैं. गेस्ट हाउस की बिल बुक में एक 'मंत्री जी' का भी उल्लेख है, जिन्होंने कथित तौर पर अनुराग यादव और उसके सहयोगियों के ठहरने की सुविधा प्रदान की थी. यह गेस्ट हाउस पटना चिड़ियाघर और पटना एयरपोर्ट के पास स्थित है. इस संबंध में बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का कहना था कि गेस्ट हाउस में जिन लोगों को पकड़ा गया है, वे किसी प्रीतम से जुड़े हुए है।

# लोकसभा के सत्र नयी उम्मीदों को पंख लगाये



ललित गर्ग

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बढ़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने एवं संसदीय कार्रवाई को बाधित करने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के परिदृश्य देखने को मिल रहे हैं। बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं, लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए। एक लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही के नाम पर विपक्ष संसद में हंगामा और अव्यवस्था पैदा करना उचित समझता आ रहा है, उसके तेवर इस बार ज्यादा ही उग्र एवं उत्तेजिक दिख रहे हैं, जो संसदीय परम्परा के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद चाहे जिस दल के हो, उनसे शालीन एवं सभ्य व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। लेकिन सांसद अपने दूषित एवं दुर्जन व्यवहार से संसद को शर्मसार करते हैं तो यह लोकतंत्र के सर्वोच्च मन्दिर की गरिमा के प्रतिकूल है।

संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मयार्दा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद भारत की संसद यदि सभ्य एवं शालीन दिखाई न दे तो ये स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण ही कही जायेगी। एक बार फिर ऐसी ही त्रासद स्थितियों से रू-ब-रू होने की स्थितियां बनना एक चिन्तनीय प्रश्न है। संसद की सार्थकता केवल इसमें नहीं है कि वहां विभिन्न मुद्दे उठाए जाएं बल्कि इसमें है कि उन पर गंभीर एवं शालीन तरीके से चर्चा होकर राष्ट्रहित में प्रभावी निर्णय लिये जाये। दुर्भाग्य से संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ऐसी कोई चर्चा कठिनाई से ही होती है जिससे देश को कोई दिशा मिल सके और समस्याओं के समाधान खोजे जा सके। उचित यह होगा कि संसद में दोनों ही पक्ष संसदीय कार्यवाही के जरिये एक उदाहरण पेश करें, नयी संभावनाओं एवं सौहार्द का वातावरण बनाते हुए नई उम्मीदों एवं संकल्पों के सत्र के रूप में इस सत्र एवं आगे के सत्रों का संचालन होने दें।



अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र को लेकर उत्सुकता एवं कुतूहल का वातावरण पक्ष-विपक्ष के नवनिर्वाचित सांसदों में ही नहीं, बल्कि आम जनता में भी है। गठबंधन की स्थितियों के कारण यह लोकसभा पिछली लोकसभा से भिन्न होगी। इस बार विपक्ष का संख्या बल कहीं अधिक है और सत्तापक्ष गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहा है। यद्यपि यह गठबंधन सरकार अतीत की गठबंधन सरकारों से भिन्न है, क्योंकि उसका नेतृत्व करने वाला दल यानी भाजपा बहुमत से कुछ ही पीछे है। इसके बावजूद संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिल सकता है। इस टकराव के आसार भी उभर आए हैं, क्योंकि विपक्ष को प्रोटेम स्पीकर के नाम पर आपत्ति है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की मानसिकता संसदीय सत्रों में देश-विकास की योजनाओं पर निर्णय में सहभागिता से अधिक सत्ता पक्ष को घेरने एवं सरकार के कामकाज को बाधिक करने की ही अधिक दिखाई दे रही है। यह निश्चित है कि सार्वजनिक जीवन में सभी एक विचारधारा, एक शैली व एक स्वभाव के व्यक्ति नहीं होते। अतः आवश्यकता है दायित्व के प्रति ईमानदारी के साथ-साथ आपसी तालमेल व एक-दूसरे के प्रति गहरी समझ एवं सौहार्द भावना की। जनता के विश्वास पर खरे उतरते हुए नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करने की। राजनीतिक दल द्वंद्व, एक दूसरे की आलोचना एवं विरोध की स्थितियां चुनाव के मैदान तक सीमित करें, उन्हें संसद तक न लाये। संसद में तो सभी दल मिलकर राष्ट्र-निर्माण का काम करें। एक सांसद के साथ दूसरा सांसद जुड़े तो लगे मानो स्वेटर की डिजाईन में कोई रंग डाला हो। सेवा एवं जनप्रतिनिधित्व का क्षेत्र ह्णमोजॉयकह्ण है, जहां हर रंग, हर दाना विविधता में एकता का प्रतिक्षण बोध करवाता है। अगर हम सांसदों में आदर्श स्थापित करने के लिए उसकी जुझारू चेतना को विकसित कर सकें तो निश्चय ही आदर्शविहिन असंतुष्टों की पंक्ति को छोटा कर सकेंगे और ऐसा करके ही संसद को गरिमापूर्ण मंच बना पायेंगे।

नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटे हैं। मोदी का लोकसभा सदस्य एवं प्रधानमंत्री के रूप में यह तीसरा कार्यकाल है। उन्होंने वाराणसी सीट बरकरार रखी, जिसे वे 2014 से जीतते आ रहे हैं। पहली बार नए संसद भवन में शपथग्रहण हुआ। भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसा दूसरी बार है कि जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार शासन करने का अवसर दिया है। ये मौका 60 साल बाद आया है। अगर जनता ने ऐसा फैसला किया है तो उसने सरकार की नियत पर मुहर लगाई है। उसकी नीतियों पर मुहर लगाई है। जनता के फैसले का स्वागत होना चाहिए, लेकिन ऐसा न होना संसद के साथ-साथ भारत के लिये परेशानी का कारण है। आज भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ अपनी स्वतंत्र पहचान बनाने की ओर गतिशील है। भारत की बात दुनिया बड़ी ध्यान से सुनती है, वही दुश्मन देश भारत पर तिरछी नजर डालने से पहले सौ बार सोचते हैं, यह भारत की बड़ी ताकत का द्योतक है, जिसे पक्ष एवं विपक्ष मिलकर सहेजे और नये आयाम उद्घाटित करें। इन विषयों पर गंभीर चिन्तन-मंथन की संसद के पटल पर अपेक्षा है। जबकि निश्चित ही छोटी-छोटी बातों पर अभद्र एवं अशालीन शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि घटनाओं का संसद के पटल पर होना दुखद, त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण है। इससे संसद की गरिमा एवं मयार्दा को गहरा आघात लगता है। यह सिलसिला बंद होना चाहिए। जहां विपक्ष का यह दायित्व है कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर सरकार से जवाब तलब करे वहीं सत्तापक्ष की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार रहे। यदि ऐसा नहीं होता तो यह निराशाजनक ही होगा।

राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर देते हैं। इस तरह से जन्मे हर स्तर के अशालीन एवं असभ्य व्यवहार से राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा होती है, संसद को ही दूषित कर दिया जाता है, अठारहवीं लोकसभा के सभी सत्र इस त्रासदी से मुक्त हो, यह अपेक्षित है। विपक्षी सांसदों की यह कैसी त्रासद मानसिकता है कि वे सब चाहते हैं कि हम आलोचना करें पर काम नहीं करें। हम गलतियां निकालें पर दायित्व स्वीकार नहीं करें। जरूरत इस बात की भी है कि संसद को शुद्ध सांसें मिले, संसदीय जीवन जीने का शालीन, मर्यादित एवं सभ्य तरीका मिले।

# भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने पर हो रहा है विचार

प्रहलाद सबनानी

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग पर कार्य कर रही संस्था स्टैंडर्ड एंड पूअर ने हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आंकलन करते हुए भारत के सम्बंध में अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक किया है एवं कहा है कि वह भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के उद्देश्य से भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी विभिन्न पैमानों का एवं भारत के राजकोषीय घाटे से सम्बंधित आंकड़ों का लगातार अध्ययन एवं विश्लेषण कर रहा है। यदि उक्त दोनों क्षेत्रों में लगातार सुधार दिखाई देता है तो भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया जा सकता है। वर्तमान में भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग इइइ- है, जो निवेश के लिए सबसे कम रेटिंग की श्रेणी में गिनी जाती है। किसी भी देश की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को यदि अपग्रेड किया जाता है तो इससे उस देश में विदेशी निवेश बढ़ने लगते हैं क्योंकि निवेशकों का इन देशों में पूंजी निवेश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित माना जाता है। साथ ही, अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग प्राप्त देशों की कम्पनियों को अन्य देशों में पूंजी उगाहना न केवल आसान होता है बल्कि इस प्रकार लिए जाने वाले ऋण पर ब्याज की राशि भी कम देनी होती है। किसी भी देश की जितनी अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग होती है उस देश की कम्पनियों को कम से कम ब्याज दरों पर ऋण उगाहने में आसानी होती है।

भारत में हाल ही में केंद्र में नई सरकार के गठन सम्बंधी प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी सहित केंद्रीय मंत्रीमंडल के समस्त सदस्यों को विभागों का आबंटन भी किया जा चुका है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों के दौरान लिए गए आर्थिक निर्णयों का भरपूर लाभ देश को मिला है। इससे देश के आर्थिक विकास को गति मिली है एवं आज भारत, विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में अपार कमी दृष्टिगोचर है। देश में बहुत बड़े स्तर पर वित्तीय समावेशन हुआ है, जनधन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक बैंक बचत खाते खोले जा चुके हैं एवं इन बचत खातों में आज लगभग 2.50 लाख करोड़ रुपए की राशि जमा है, इस राशि का उपयोग देश के आर्थिक विकास के लिए किया जा रहा है। रोजगार के नए अवसर भारी संख्या में निर्मित हुए हैं। देश में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर लगभग 2200 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष तक पहुंच गई है। देश के कुछ राज्यों में तो किसानों की आय दुगने से भी अधिक हो गई है। भारत में विदेशी निवेश भारी मात्रा में होने लगा है एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भारत में ही करने लगी हैं। इससे देश में विनिर्माण इकाईयों (उद्योग क्षेत्र) की विकास दर 8-9 प्रतिशत के पास पहुंच गई है। मंदिर की अर्थव्यवस्था एवं लगातार तेज गति से आगे बढ़ रहे धार्मिक पर्यटन के चलते भारत में आर्थिक विकास की दर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत से भी अधिक रही है। भारत, अपने आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से आधारभूत ढांचें को विकसित करने के लगातार प्रयास कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 7.5 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान देश के आधारभूत ढांचे को विकसित करने हेतु किया गया था, जिसे वित्तीय वर्ष 2023-24 में 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया था एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इसे और अधिक बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया है। आधारभूत ढांचे को विकसित करने से देश में उत्पादकता में सुधार हुआ है एवं विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत में कमी आई है। जिससे, कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को भारत में स्थापित करने हेतु आकर्षित हुई हैं। स्टैंडर्ड एंड पूअर का तो यह भी कहना है कि भारत जिस प्रकार की आर्थिक नीतियों को लागू करते हुए आगे बढ़ रहा है और केंद्र में नई सरकार के आने के बाद से अब सम्भावनाएं बढ़ गई हैं कि भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रम बहुत तेजी के साथ किए जाएंगे इससे कुल मिलाकर भारत की आर्थिक विकास दर को लम्बे समय तक 8 प्रतिशत से ऊपर बनाए रखा जा सकता है। भारत ने अपने आर्थिक विकास की गति को तेज रखते हुए अपने राजकोषीय घाटे पर भी नियंत्रण स्थापित कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का राजकोषीय घाटा 17 लाख 74 हजार करोड़ रुपए का रहा था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटकर 16 लाख 54 हजार करोड़ रुपए का रह गया है। यह राजकोषीय घाटा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 5.8 प्रतिशत था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटकर 5.6 प्रतिशत रह गया है। भारत के राजकोषीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.1 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.5 प्रतिशत तक नीचे लाने के प्रयास केंद्र सरकार द्वारा सफलता पूर्वक किए जा रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रान्स, जर्मनी जैसे विकसित देश भी अपने राजकोषीय घाटे को कम नहीं कर पा रहे हैं, परंतु भारत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यह बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। सरकार का खर्च उसकी आय से अधिक होने पर इसे राजकोषीय घाटा कहा जाता है।




# सावधान! बच्चों की पहुंच तक आ चुका नशे का जहर



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज के आधुनिक युग में हम कहने को उन्नत हो रहे है, लेकिन संस्कार, जिम्मेदारी, आदरभाव, अपनापन, प्रेम, करुणा, दया भाव, नैतिकता जैसे शब्दों का कोई मोल नजर नहीं आता। समाज में लगातार अराजकता फैल रही है जिससे, सामाजिक समस्याएँ और अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। इसके प्रमुख कारणों में से एक नशाखोरी है। एक समय था जब हम हशीश, गांजा, कोकीन जैसे खतरनाक नशीले जहर के बारे में केवल सुनते थे और फिल्मों में देखते थे, लेकिन अब ये नशा हमारे अपने लोगों तक भी पहुंच गया है और स्कूल-कॉलेज जाने वाले किशोर इस नशे के आदी होकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। हर दिन मादक पदार्थो की तस्करी की खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, युवावर्ग तेजी से नशे के प्रति आकर्षित हो रहा है। हुक्का बार, पब, पार्टी का चलन खूब बढ़ रहा है। इस समस्या में सबसे बड़ी गलती अभिभावको की नजर आती है, जो आज की युवापीढ़ी को योग्य संस्कार और बेहतर परवरिश देने में नाकाम हो रही है। अक्सर सड़क किनारे, फुटपाथ पर, निर्जन स्थलों पर, खंडहरनुमा मकानों या गलिच्छ बस्तियों में बच्चें से लेकर बड़े तक नशा करते हुए दिखते है। छोटे-छोटे बच्चे भी घातक रसायन, पेट्रोल, सैनिटाइजर, व्हाइटनर, खांसी की दवा, दर्द निवारक, गोंद, पेंट, गैसोलीन सुंघकर नशा करते है, बहुत बार, अभिभावक बच्चों की ऐसी हरकतों को देखकर भी नजरअंदाज कर देते है, जो कि घातक है। देश में 10-17 वर्ष की आयु के लगभग 15.8 मिलियन बच्चे मादक पदार्थो के आदी हैं। वैश्विक मादक पदार्थो की तस्करी का कारोबार 650 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो कुल अवैध अर्थव्यवस्था का 30 प्रतिशत है। हर साल शराब ही दुनिया भर में 2.3 मिलियन मौतों के लिए जिम्मेदार है। बचपन से महंगे शौक, जिद, गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड का चलन, आधुनिकता की जगमगाहट, झूठा दिखावा और फिल्मों, सोशल मीडिया का बच्चों के दिमाग पर बुरे असर ने नशे के प्रति किशोरों के आकर्षण को तीव्र कर जीवन में जहर घोल दिया है। कुछ दिन पहले महाराष्ट्र राज्य के पुणे शहर में एक करोड़पति बिल्डर के नाबालिग नशेड़ी लड़के ने अपनी पोर्श कार से दो अभियांत्रिकी युवाओं को कुचल दिया था, फिर भी बड़े रसूखवाले इस बिल्डर पिता ने अपने अपराधी लड़के को बचाने के लिए भरसक प्रयास किये, चार महीने पहले महाराष्ट्र के नागपुर में बड़े उद्योगपति संभ्रांत परिवार की बहू ने नशे की हालत में अपनी कार से आधी रात में दो युवा इंजीनियरों को मौत के घाट उतार दिया, अब फिर नागपुर में रात में इंजीनियरिंग के छात्र ने शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को कुचल दिया। आजकल के अभिभावक ही अपने जिम्मेदारियों को समझ नही रहे है, रोज नशे से संबंधित अपराधों की खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती है, कोई युवा नशे के लिए अपने अभिभावकों को मौत के घाट उतार देते है, तो कोई बच्चे नशे की हालत में क्राइम कर रहे है। अभिभावकों का लगातार व्यस्त रहना, बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान न देना, बच्चों पर नियंत्रण न होना, बच्चों की गलतियों को हमेशा नजरअंदाज करना, केवल महंगे संसाधन या भौतिक सुविधा देना, अति लाड प्यार कर बच्चों की हर जिद पूरी करना ही अभिभावकों ने अपनी जिम्मेदारी समझी है, अपितु बच्चों को समय देना, उनके कार्यकलापों में सहभागी होना, बच्चों का दोस्त बनकर जीना अहम जिम्मेदारी है। हर साल 26 जून को नशे के प्रति जागरुकता और मादक पदार्थो की तस्करी के रोकथाम के लिए ह्लनशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवसह्व विश्वभर में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ह्लसबूत स्पष्ट हैं: रोकथाम में निवेश करेंह्व यह है। आज विश्व में सबसे बड़ा युवाओं का देश भारत है, युवाओं को संभालकर योग्य दिशा में अग्रसर करना ही देश का विकास है। मीडिया के माध्यम से हमेशा यह पता चलता है कि नशीली दवाओं की तस्करी के लिए किशोरों का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे गलत काम करने के लिए पैसे का लालच दिया जा रहा है, ताकि स्कूल और कॉलेज जाने वाले बच्चे भी नशीली दवाओं के जहर के संपर्क में आसानी से आ जाएं। जिन होनहार युवाओं के भरोसे देश का उज्वल भविष्य टिका है वो नशे में अपना वर्तमान और सुनहरा भविष्य अंधकारमय बना रहे है और आनेवाली पीढ़ी के रूप में देश को खोखला, बीमार, कमजोर, अविकसित, समस्याग्रस्त, आपराधिक प्रवृत्ति का युवा सौंप रहे हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार, 2017 में दुनिया भर में अवैध दवाओं से लगभग 7.5 लाख लोगों की मौत होने का अनुमान है। एम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इनहेलर के नशे में करीब 18 लाख वयस्क और 4.6 लाख बच्चे बुरी लत की श्रेणी में आते हैं। पंजाब में कुल कैदियों में से कम से कम 30 प्रतिशत अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में जेल में सजा काट रहे हैं। सरकारी रिपोर्ट बताती है कि, 2018 में भारत में 2.3 करोड़ ओपिओइड नशेड़ी थे, जो 14 वर्षों में पांच गुना वृद्धि है। एक एनजीओ सर्वेक्षण बताता है कि भारत में उपचार की आवश्यकता वाले 63.6 प्रतिशत मरीज 15 वर्ष से कम उम्र के हैं। ड्रग्स और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय रिपोर्ट अनुसार, भारत में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन में शामिल लगभग 13 प्रतिशत लोग 20 वर्ष से कम उम्र के हैं। भारत देश में हर साल 20 मिलियन बच्चे और हर दिन लगभग 55,000 बच्चे तंबाकू के आदी होते है और अमेरिका में हर दिन धूम्रपान करने वाले 3000 नए बच्चों के मुकाबले यह संख्या भयावह है। घरेलू अल्कोहल पेय उद्योग में 8-10 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड 2023 की वार्षिक रिपोर्ट अनुसार, दुनिया के 39% अफीम उपयोगकर्ता दक्षिण एशिया में रहते हैं। वैश्विक स्तर पर हेरोइन बाजार 430-450 टन के वार्षिक प्रवाह को दशार्ते हैं। भारतीय सेना द्वारा 2018 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जम्मू कश्मीर में लगभग 40% युवा किसी न किसी रूप में नशे की लत से पीड़ित हैं, जो 2008 में 5% से कम था। भारत में पिछले एक दशक में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और शराब की लत के कारण आत्महत्या करने वालों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। विश्व ड्रग रिपोर्ट 2023 अनुसार, वैश्विक स्तर पर, 2021 में 296 मिलियन से अधिक लोगों ने नशीली दवाओं का उपयोग किया, जो पिछले दशक की तुलना में 23 प्रतिशत की वृद्धि है। इस बीच, नशीली दवाओं के उपयोग संबंधी विकारों से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 39.5 मिलियन हो गई है, जो 10 वर्षों में 45 प्रतिशत की वृद्धि है। अफ्रीका में, उपचाराधीन 70 प्रतिशत लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं।

विश्व स्तर के साथ भारत देश में नशे का कारोबार बहुत तेजी से बढ़ रहा है, नशा इंसान को जिन्दा लाश बना कर रख देता है और बुराइयों, अपराध, नकारात्मक विचारों को बढ़ावा देता है। नशे के कारण आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक और मुख्य रूप से शारीरिक, मानसिक क्षति होती है। आज के अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति अधिक सजग रहने की आवश्यकता है, अपने बच्चे अपनी जिम्मेदारी है, अभिभावकों का व्यस्तता का बहाना बच्चों के भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। बच्चों पर आंख मूंदकर भरोसा न करें, बच्चों को समय देना सीखें, बच्चों के सामने बड़ो का व्यवहार आदर्शात्मक होना चाहिए, बच्चे अपनी दिनचर्या कैसे बिताते है, किससे मिलते हैं, उनकी मित्रमंडली कैसी है, बच्चे बाहर खर्चा कहां करते है, यह सब अभिभावकों को पता होना चाहिए। आधुनिकता विचारों में होनी चाहिए, दिखावे में नहीं, इसलिए बच्चों को दुनियादारी, व्यवहार ज्ञान, अच्छे-बुरे की समझ अभिभावकों द्वारा मिलनी ही चाहिए। आज के समय में संस्कार, सत्य, नीतिमत्ता तेजी से विलुप्त हो रहे है, जो बच्चों के साथ अभिभावकों के लिए भी ये बेहद आवश्यक है। नशा छोड़े, जागरूक रहें, बच्चों को देश का उज्वल भविष्य बनने के लिए उन्हें बेहतर और पोषक वातावरण दें। अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर संगठन, सरकार, स्वयंसेवी संस्थान नशामुक्ति और मादक पदार्थो के तस्करी के विरुद्ध कार्य करते है। भारत सरकार के "नशा मुक्त भारत अभियान" के तहत राष्ट्रीय टोल फ्री नशा मुक्ति हेल्पलाइन 14446 पर संपर्क कर सकते है।

## संक्षिप्त खबर

### तीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के ारक्षण को बढ़ाने के विरोध में किया प्रदर्शन



**मकता राजस्थान, भुसावर (राजवीर सिंह)।** राजस्थान सरकार की र से तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के आरक्षण को 30 प्रतिशत बढाकर 50 प्रतिशत करने पर युवाओं ने भुसावर में आक्रोश जताया। ाओं ने रैली निकालते हुए उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी र्यालय में ज्ञापन दिया और यथावत आरक्षण को रखने को लेकर मांग ।युवाओं ने कहा कि वर्तमान समय में बालिकाएं हर भर्ती परीक्षा में 40 50 प्रतिशत सीटे अपनी प्रतिस्पर्धा से प्राप्त कर रही हैं। जब महिलाएं फीसदी सीट प्राप्त कर रहीं हैं तो फिर आप इन्हें 50 प्रतिशत सीट रक्षित कर 80 प्रतिशत पर पहुंचाना चाह रहे हो। 50 प्रतिशत महिला शक्तिकरण आरक्षण, 12.5 प्रतिशत भूतपूर्व सैनिक, 4 प्रतिशत विकलांग, प्रतिशत खेल,15 से 20 प्रतिशत लड़कों की कट ऑफ फाइट कर ड़की ले जाएगी, शेष बचा 12 से 13 प्रतिशत पुरुष वर्ग के लिए रहेगा। निर्णय पुरुष वर्ग के लिए किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है। युवाओं ने हा कि यदि महिला सशक्तिकरण करना है तो कैबिनेट में विधान सभा, ंसद में 50 प्रतिशत महिलाओं के लिए सीटआरक्षित करो। इस मौके पर र पुष्पेंद्र सिंह गोठरा, रामावतार का, प्रदीप सुहारी, विक्रम गुर्जर, छोटू, श जाटव, रमन, नीरज रंधीरगढ़, विक्रम सैनी चेंटोली, देवेंद्र, अंकित, येंद्र पंवार, माखन घूंसेंटी, दीपक, मोनू, विकास मीणा, मुकट, आयुस, शोक केशव, पिंटू, अजीत, चंदू, नवीन आदि छात्र उपस्थित थे।

### ांगों को लेकर कॉलेज शिक्षा मंत्री नाम छात्रों ने सौपा ज्ञापन




**मकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** राजकीय ाविद्यालय राजाखेड़ा के छात्र /छात्राओं की समस्याओं को लेकर पूर्व भी छात्र छात्राओं ने मिलकर अवगत कराया है ! लेकिन अभी तक कोई माग पूरी नहीं हुई है। जिसको लेकर आज फिर एसडीएम मनीषा मीणा को त्र छात्राओं ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी छात्र राजदूत लव सिंह राठौड़ र पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजन ठाकुर ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय ाखेड़ा में एमए में राजनीति शास्त्र के अतिरिक्त अन्य विषय इतिहास, हिंदी हित्य, भूगोल, अर्थशास्त्र विषयों में खोले जाए जिससे छात्र-छात्राओं को हर जाने के लिए मजबूर ना होना पड़े, महाविद्यालय में इस सत्र से एनसीसी ंभ की जाए, सुरक्षा के लिहाज से महाविद्यालय के समीप पुलिस चौकी व्यवस्था की जाए, राजाखेड़ा कस्बे से महाविद्यालय के बीच छात्राऔ लिए बस सेवा प्रारंभ कि जाए, स्नातक और स्नातकोत्तर में सेट अभिवृद्धि जाए, महाविद्यालय में विषय व्याख्याता के कमियों को पूरा किया जाए, ाविद्यालय में कंप्यूटर लैब स्थापित किया जाए, महाविद्यालय मार्ग पर सीटीवी सहित रोड लाइट लगाई जाए, महाविद्यालय में खेल सामग्री सहित खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति की जाए, जीन छात्र छात्राओं ने एनएसएस पूर्ण किया है ! उन्हें ठरर के प्रमाण पत्र दिए जाएं। यदि हमारी मांगे जल्द जल्द पूरी नहीं हुई तो छात्र-छात्रा मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे ! जिसकी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन और शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने लों में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजन ठाकुर, वऋछ छात्र राजदूत दिल्ली श्वविद्यालय लव सिंह राठौर अन्य छात्रों में रामदेव वर्मा, बीरेन्द्र बघेल, ेंद्र, ध्रुव, आशुतोष शर्मा, गौरीशंकर ममता, ललिता, गौरी तौमर, सौनी मारी आदि छात्र-छात्राऐ मौजूद रहे।

### ल मंत्रालय ने की हिंदी में रेल ात्रा वृत्तांत प्रतियोगिता आयोजित



**मकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड ी भारतीयों के लिए हिंदी में रेल यात्रा वृतांत प्रतियोगिता आयोजित कर रहा जिसमें निम्नानुसार राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाने का प्रावधान है- प्रथम स्कार (एक)10,000/-द्वितीयपुरस्कार (एक 8,000/-तृतीय पुरस्कार क) :6,000/-प्रेरणा पुरस्कार (पांच):4,000/- प्रत्येक रेल यात्रा तांत हिंदी भाषा में होना चाहिए और मौलिक होना चाहिए तथा न्यूनतम 00 शब्दों एवं अधिकतम 3500 शब्दों तक होना चाहिए। यह डबल स में टाइप किया हुआ, चारों तरफ कम से कम एक इंच का हाशिया छोड़ा ा हो और पृष्ठ संख्या अंकित हो। शब्दों की कुल संख्या लिखी होनी हिए। वृत्तांत के प्रारंभ में एक अलग कागज में बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम, यु, कार्यालय / निवास का पता, मातृभाषा, मोबाइल नं ई-मेल, वृत्तांत के ब्दों की संख्या आदि का उल्लेख किया जाना चाहिए। इस योजना में भाग लेने इच्छुक केंद्रीय अथवा राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत अधिकारियों/ र्मचारियों को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके विरुद्ध किसी प्रकार का सतर्कता / अनुशासन एवं अपील नियम से संबंधित मामला बित या विचाराधीन नहीं है। जो आवेदक सरकारी सेवा में नहीं हैं, उन्हें इस शय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके खिलाफ न तो किसी भी प्रकार का पराधिक मामला चल रहा है ! और न ही ये किसी प्रकार की सजा भुगत रहे इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को घोषणा पत्र में यह भी उल्लेख करना ा कि- संबंधित रेल यात्रा वृतांत मेरी मौलिक रचना है, इसे किसी अन्य स्कार योजना के अंतर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है।₹ प्रतिभागी अपनी ष्टि दो प्रतियों में 31.07.2024 तक *सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण), कमरा नं. 316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, ई टी ओ , नई दिल्ली-11000 2*को निरपवाद रूप से भिजवा दें। वृतांत एकल प्रति प्राप्त होने पर प्रविष्टि रद्द कर दी जाएगी। अंतिम तिथि के बाद त प्रविष्टियों पर मंत्रालय द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने यूपी से पकड़ा 12 साल से फरार मोस्ट वांटेड



**राधा रानी मंदिर में दर्शन करने आया था, टीम ने बाहर ही घेरकर दबोच लिया**

**अपहरण-डकैती के मामले में था वांछित, कोटा ग्रामीण से 25 हजार का है इनामी**

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने अपहरण-डकैती के मामले में थाना कैथून जिला कोटा ग्रामीण में 12 साल से वांछित आरोपी मुरारीलाल शर्मा पुत्र रामजीलाल निवासी पलसो थाना गोवर्धन जिला मथुरा को बरसाना इलाके से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी पर एसपी कोटा ग्रामीण द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि गैंगस्टर, वांछित, इनामी एवं अपराधिक गतिविधियों में लिप्त बदमाशों के बारे में आसूचना संकलन के लिए डीआईजी श्री योगेश यादव के निर्देशन में प्रदेश के अलग-अलग शहरों में पुलिस मुख्यालय से टीम भेजी गई है।एडीजी एम एन ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्या प्रकाश के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र कुमार, हैड कांस्टेबल मदनलाल व कांस्टेबल बृजेश कुमार की एक टीम भरतपुर की ओर भेजी गई थी। टीम को सूचना मिली कि कोटा ग्रामीण के थाना कैथून में 12 साल से वांछित आरोपी मुरारी लाल बरसाना क्षेत्र में फरारी काट रहा है जो रविवार को राधा रानी मंदिर आएगा। इस सूचना पर एजीटीएफ की टीम ने एसएचओ कामां मनीष शर्मा एवं साइबर सेल प्रभारी कोटा ग्रामीण एएसआई भूपेंद्र सिंह की मदद से बरसाना स्थित राधा रानी मंदिर के बाहर घेराबंदी कर आरोपी मुरारी लाल शर्मा को डिटेन कर लिया। जिसे थाना कामां लाकर साइबर सेल प्रभारी एएसआई भूपेंद्र सिंह की टीम को सुपर्द कर दिया गया।

**यह है मामला:-** एमएन ने बताया कि 18 अक्टूबर 2012 को खुशालीपुरा थाना कनवास निवासी किसान बाबूलाल गुर्जर अपने गांव से भामाशाह मंडी कोटा में धनिया बेचने आया था। वापसी में एक ड्रम में डीजल भरवाकर अपने ट्रैक्टर से लौट रहा था पीछे से आई एक जाइलो गाड़ी में बैठे व्यक्तियों ने उसे रुकवाया और एक्सीडेंट करके आना कह जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठा कर अगवा कर लिया। उनमें से दो लड़के किसान का ट्रैक्टर लेकर कोटा की ओर चले गए। बाकी बदमाशों ने रास्ते में किसान से मारपीट कर उसका मोबाइल और पास में रखे 10500 छीन लिए और रावतभाटा के पास जावरा गांव के एक स्कूल के खंभे से बांधकर फरार हो गए। मामले में कैथून पुलिस द्वारा घटना के छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। लूट के ट्रैक्टर का खरीददार मुरारी लाल शर्मा घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। जिसकी तलाश में स्थानीय पुलिस द्वारा कई बार संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। लंबे समय बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लगने पर माह अप्रैल 2024 को एसपी कोटा ग्रामीण द्वारा इस पर ?25 हजार का इनाम घोषित किया गया। यह गिरोह कई बार इस प्रकार की वारदातें कर चुका है।आरोपी के बारे में आजसूचना संकलन एवं इसकी गिरफ्तारी तक की संपूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ के एएसआई शैलेंद्र कुमार एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका तथा हैड कांस्टेबल मदनलाल की तकनीकी भूमिका रही।

## भाजपाईयों ने पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष स्व. मदन लाल सैनी की मनाई पुण्यतिथि



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वर्गीय मदनलाल सैनी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा की पुण्यतिथि 24 जून 2024 को पुष्पांजलि का कार्यक्रम जवाहर मेमोरियल स्कूल में मदनलाल सैनी मंडल अध्यक्ष के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में फूलचंद जांगिड़ ,बनवारीलालमीणा ,जगदीश कुम्हार ,महेश कुमार पूर्व मंडल अध्यक्ष ,मदनलाल सैनी, गिरधरलाल राठी के द्वारा स्वर्गीय मदनलाल सैनी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं कईअपने-अपने संस्मरण बताएं भाजपा के विचार को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपने जीवन का क्षण क्षण समर्पित कर देने वालेतथाअसंख्य कार्यकर्ताओं को राष्ट्रवाद की धारा से जोड़ने वाले है' महामानव आपको कोटि-कोटि नमन इस कार्यक्रम में महावीर प्रसाद सैनी ,प्रभुदयालवकील, बाबूलाल कपड़े वाले ,शार्दुल सैनी, रमाकांत शर्मा ,कमलेश सैनी, ताराचंद सैनी , नितिन सैनी, अभिषेक वर्मा, योगिता, मेवा ,बबली ,चंदा, ममता आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसीबी ने पटवारी एवं ग्राम प्रतिहारी को 45 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. जयपुर ग्रामीण इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये रीना सोयल पटवारी पटवार हल्का बराला अतिरिक्त चार्ज खजूरियान ब्राह्ममणान, तहसील बस्सी, जिला जयपुर एवं रोडूमल ग्राम प्रतिहारी, पटवार हल्का बराला, तहसील बस्सी, जिला जयपुर को परिवादी से 45 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. जयपुर ग्रामीण इकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि कृषि भूमि का सीमाज्ञान कार्य करने की एवज में आरोपी रीना सोयल पटवारी पटवार हल्का बराला अतिरिक्त चार्ज खजूरियान ब्राह्ममणान, तहसील बस्सी, जिला जयपुर द्वारा रोडूमल ग्राम प्रतिहारी, पटवार हल्का बराला, तहसील बस्सी, जिला जयपुर के माध्यम से 45 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में ए.सी.बी. जयपुर ग्रामीण इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग के नेतृत्व में मय टीम उप अधीक्षक पुलिस नीरज भारद्वाज एवं अन्य के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी रीना सोयल पटवारी पटवार हल्का बराला अतिरिक्त चार्ज खजूरियान ब्राह्ममणान, तहसील बस्सी, जिला जयपुर एवं रोडूमल ग्राम प्रतिहारी, पटवार हल्का बराला, तहसील बस्सी, जिला जयपुर को परिवादी से 45 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टोल-फ्री हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

## भूकम्प के संबंध में एनडीआरएफ एवं जिला प्रशासन ने मॉक ड्रिल का किया आयोजन



**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** सम्भावित भूकम्प के सम्बंध में एनडीआरएफ 6वीं बटालियन आरआरसी एवं जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को श्री जगन्नाथ पहाडिया मेडिकल कॉलेज में संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें 8.0 तीव्रता के भूकम्प को मानते हुए मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन नीरज कुमार मीणा, अतिरिक्त कलक्टर शहर श्वेता यादव, नगर निगम आयुक्त रिछपाल सिंह बुरडक, एनडीआरएफ प्रभारी किशनगढ़ अजमेर योगेश कुमार मीना सहित अधिकारी मौजूद रहे। एनडीआरएफ प्रभारी योगेश कुमार मीना ने बताया कि 8.0 तीव्रता के काल्पनिक भूकंप के संबंध में मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। अभ्यास के दौरान सूचना मिलने पर राहत एवं बचाव दल घटना स्थल पर पहुंचे साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी घटना स्थल पर पहुंची एवं एनडीआरएफ के जवानों ने बहुत ही मुस्तैदी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन किया और सभी विक्टिम को फर्स्ट एड देने के बाद एडवांस केयर के लिए मेडिकल हॉस्पिटल भेज दिया गया।

## जिला कलेक्टर ने विकास कार्यों की ली समीक्षा बैठक



**चमकता राजस्थान**

भरतपुर (राजवीर सिंह)जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि विकास कार्यों को गति देते हुए सभी विभाग गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा करायें। जनहित के कार्यों एवं मूलभूत सुविधाओं से सम्बंधित आवश्यकताओं का आकलन कर विभागीय स्तर पर प्रस्ताव भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे आने वाले समय में कार्यों को प्राथमिकता से स्वीकृत किया जा सके। जिला कलक्टर सोमवार को विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। जिला कलक्टर ने विभागवार समीक्षा करते हुए नगर निगम एवं जिले की सभी नगरपालिकाओं में वर्षा पूर्व नाला सफाई एवं जलभराव क्षेत्रों में जल निकासी की समूचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएफसीडी के निर्माण कार्य की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए कुम्हेर गेट से जघीना गेट तथा आगे तक के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए जिससे बरसात के समय परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने शहर में बिना अनुमति भवन निर्माण एवं नालों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने चिकित्सा संस्थानों में मौसमी बीमारियों के इलाज के लिए समुचित व्यवस्थाएं रखने, घर-घर नल योजना के पेयजल कनेक्शनों को गति देने, विद्युत कनेक्शन के लम्बित आवेदनों को शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर विकास न्यास के सचिव ऋषभ मण्डल, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन नीरज कुमार मीना, एसीईओ जिला परिषद शैलेन्द्र सिंह, सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर, अधीक्षण अभियंता जलदाय मनोहर सिंह, संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. खुशीराम मीना सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय बैठक में हुई विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों व योजनाओं की समीक्षा

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** सेठी कॉलोनी में सीएमएचओ कार्यालय जयपुर प्रथम स्थित मुख्य कक्ष में सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ रवि शेखावत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सभी ब्लॉक बीसीएमओ, डीपीओ अखिलेश शर्मा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे समीक्षा बैठक में चयनित संस्थानों एनक्वास की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा हुई। समस्त सीएचसी, पीएचसी एवं उपकेंद्रों पर इंजेक्टेबल कॉन्ट्रासेप्टिव अंतरा की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष महोदय द्वारा परिवार कल्याण समेत अन्य समस्त योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। उन्होंने समस्त संस्थान, सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ियों पर एएमआर में सिरप व पिंक, ब्ल्यू आईएएफ की उपलब्धता रिपोर्ट की समीक्षा कर सब स्थानों पर इनकी पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान वित्तीय वर्ष में होने वाली समस्त ट्रेनिंग के संबंध में आदेश की पालना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने नसबंदी केसो में भुगतान से पूर्व सत्यापन की रिपोर्ट की समीक्षा की और समस्त सीएचसी को स्टैटिक केंद्र बनाने बाबत आदेश की पालना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में 30 जून को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो के संबंध में चर्चा हुई। उन्होंने पल्स पोलियो अभियान के आयोजन में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए। बैठक में मौसमी बीमारी, एन सी डी इत्यादि कार्यक्रमों पर भी विमर्श किया गया।

**अलवर जिले में राजगढ़ थाना पुलिस की कार्रवाई**

# राहगीर व दुपहिया वाहन चालकों से लूट गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार

### लूट-डकैती व चोरी के हैं आदतन, लूटी गई एवं घटना में प्रयुक्त दो बाइक जप्त



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/ अलवर (खलील कुरैशी)।** अलवर जिले की राजगढ़ थाना पुलिस की टीम ने सुनसान रास्तों पर राहगीरों एवं छोटे वाहन चालकों के साथ लूट की घटना करने वाले गिरोह का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने माचाड़ी घाटी क्षेत्र में पिछले महीने इनके द्वारा लूटी गई बाइक के साथ घटना में प्रयुक्त एक अन्य बाइक जब्त की है एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि 1 मई को परिवादी ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि 30 अप्रैल की रात करीब 9:00 बजे व मंडावर से अपने गांव आ रहा था। रास्ते में झरना धाम माचाड़ी घाटी रोड पर उसे चार व्यक्तियों ने रोका और उसके सिर पर किसी वस्तु से वार किया। चारों लुटेरे उसकी बाइक और मोबाइल लूट कर फरार हो गए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता से पुलिस ने घटना के आरोपी वीरेन्द्र कुमार जाट पुत्र खुबीराम उर्फ खुबराम (19) व हेमंत सेन पुत्र मुकेश (22) निवासी बरखेड़ा थाना मालाखेड़ा, विष्णु सैनी पुत्र बाबूलाल (22) निवासी वार्ड नंबर 1 मालाखेड़ा एवं संदीप प्रजापत पुत्र रूप सिंह (20) निवासी लिली थाना मालाखेड़ा अलवर को गिरफ्तार कर लूटी गई बाइक व एक अन्य बाइक जब्त की है।एसपी शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश लूट, डकैती, चोरी के आदतन अपराधी हैं। इनके विरुद्ध विभिन्न स्थानों में इस प्रकार के कुल 11 आपराधिक मामले पूर्व में दर्ज हैं। करीब 20 दिन पहले ढिगावड़ा के पास हुई लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी विष्णु, वीरेंद्र एवं हेमंत को गिरफ्तार कर लूटा गया सामान बरामद किया थागिरफ्तार सभी आरोपी 19 से 22 साल के नवयुवक है और आसपास के रहने वाले हैं। शाम ढलते ही ये बदमाश माचाड़ी घाटी और उसके आसपास के सुनसान रातों पर आ रहे राहगीरों एवं दुपहिया वाहन चालकों को रुकवा कर उनके साथ मारपीट कर कीमती सामान लूटकर फरार हो जाते हैं।इस कार्रवाई में एसएचओ रामजी लाल, एएसआई रामचरण, हेड कांस्टेबल दयाराम, कांस्टेबल मुकेश, लक्ष्मीकांत, जयराम, राजेश व अजीत शामिल थे।

**चित्तौड़गढ़ जिले में थाना सदर पुलिस की कार्रवाई**

## वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, 14 मोटरसाइकिल बरामद



**चमकता राजस्थान, जयपुर/ चित्तौड़गढ़, (खलील कुरैशी)।** चित्तौड़गढ़ जिले की सदर थाना पुलिस की टीम ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा कर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने चुराई गई 14 मोटरसाइकिल बरामद की है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में वाहन चोरियों की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एएसपी परबत सिंह एवं सीओ तेज प्रकाश पाठक के निर्देशन एवं एसएचओ गजेंद्र सिंह की टीम गठित की गई थी। गठिया टीम द्वारा सादा कपड़ों में चोरी होने वाले स्थानों पर नजर रख कुछ संदिग्धों को चिन्हित किया गया कई संदिग्धों से पूछताछ के बाद आरोपी कमलेश वैष्णव पुत्र भैरू दास निवासी ब्यावर थाना भदेसर एवं रतनलाल वैष्णव पुत्र जगदीश दास, रूप लाल जाट उर्फ सोनू पुत्र शंकर लाल जाट निवासी आज खेड़ी थाना भदेसर को गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी की 14 मोटरसाइकिले बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि ये सब अपने शौक पूरा करने के लिए दोपहिया वाहन चुराते हैं, फिर गाड़ी को किसी भी दाम पर बेचकर अपने शौक मौज पूरे किया करते हैं।

# दिया कुमारी को दिया जाएगा वूमेन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इंडिया सम्मान

## राजस्थान पर्यटन को पटवा इंटरनेशनल ट्रैवल अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 24 जून।** राज्य की उपमुख्यमंत्री तथा पर्यटन मंत्री दिया कुमारी को वूमेन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इंडिया के सम्मान से आईटीबी बर्लिन, जर्मनी में सम्मानित किया जाएगा। वहीं आईटीबी, बर्लिन जर्मनी में ही राजस्थान को डेस्टिनेशन ऑफ़ द ईयर रॉयल एक्सपिरिएंसेस के लिए पटवा इंटरनेशनल ट्रैवल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में पर्यटन विभाग राजस्थान को देश ही नहीं दुनिया में पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिए जुटा हुआ है। उपमुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विभाग के द्वारा देश और दुनिया के विभिन्न पर्यटन मंचों पर निरंतर प्रयास कर राजस्थान पर्यटन की ब्रांडिंग की जा रही है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार प्रदेश में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार, केंद्र सरकार की मंशानुरूप कार्य करते हुए राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर काम कर रही है। इसी के फलस्वरूप पेसिफिक एरिया ट्रैवल राइटर्स संगठन (पटवा) के द्वारा राजस्थान को डेस्टिनेशन ऑफ़ द ईयर रॉयल एक्सपिरिएंसेस के लिए वर्ष 2024 सम्मान के लिए चयनित किया गया है। यह अवार्ड पटवा के द्वारा आई टी बी, बर्लिन में दिए जाएंगे। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा आईटीबी बर्लिन जर्मनी मार्ट में प्रतिवर्ष भाग लिया जाता है। गत वर्ष पर्यटन विभाग द्वारा प्रतिनिधि दल के साथ भाग लिया गया तथा जर्मनी एवं यूरोप के ट्रैवल एजेंटस के सामने राजस्थान के रॉयल एक्सपिरिएंसेज तथा पर्यटन उत्पादों की बेहतरीन ब्रांडिंग की गई। जर्मनी में स्थित भारतीय दूतावास में भी यूरोप और जर्मनी के ट्रैवल टूर ऑपरेटर्स के साथ विशेष सत्र का आयोजन किया गया जिसमें राजस्थान पर्यटन के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया गया। यह गतिविधि अत्यधिक प्रभावशाली रही और यूरोपीय टूर ऑपरेटर्स ने राजस्थान में अधिक से अधिक पर्यटकों को भेजने की मंशा जाहिर की।

### ● राजस्थान में वर्ष 2023 में आने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या में 328.52% की वृद्धि

प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में राजस्थान पर्यटन के विभिन्न पहलुओं की देश और दुनिया में सघनता से ब्रांडिंग की जा रही है। जयपुर में हाल ही में सफलतापूर्वक ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार का आयोजन किया गया है। आईजीटीबी का विदेशी टूर ऑपरेटर्स के द्वारा बेहतरीन रेस्पोंस मिल रहा है। इसी प्रकार जयपुर में वेड इन इंडिया एक्सपो आयोजित कर राजस्थान की वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में ब्रांडिंग की गई है।

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिए लगातार नियमित रूप से गतिविधियों के माध्यम से सफलता पूर्वक प्रयास किए जा रहे हैं। उक्त प्रयासों के तहत ही राजस्थान पर्यटन की विदेशी ट्रैवल मार्ट व ट्रेड फेयर में सशक्त उपस्थिति का परिणाम है कि राज्य में विदेशी सैलानियों का रुझान बढ़ा है और संख्या में उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है। वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में आने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या में 328.52% की वृद्धि हुई है।

विदेशी सैलानियों की यह संख्या ही विश्व में राजस्थान के पर्यटन के महत्व को बताने के लिए पर्याप्त है। घरेलू पर्यटकों की संख्या में भी 65% की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2023 में राजस्थान घूमने आने वाले पर्यटकों की कुल संख्या 18 करोड़ 7 लाख 51 हजार 794 रही।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान शिक्षक संघ के (राष्ट्रीय) सम्मेलन में पधारे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ज्ञापन सौपा



**चमकता राजस्थान। धौलपुर!,(रामदास तरुण)** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय प्रदेश महासमिति अधिवेशन बिजौली बाड़ी धौलपुर आगमन पर अखिल राजस्थान योग प्रशासक महासंघ धौलपुर के द्वारा अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया, जिसमें उनकी कई मांगे थी जैसे योग प्रशिक्षकों की वेतन वृद्धि की जाए उनको संविदा कैडर में शामिल किया जाए, और उनके स्थाईकरण की प्रक्रिया शुरू की जाए आदि मांग रखी इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा योग प्रशिक्षक रविंद्र छावडी, सुनील बघेल, हिमांशु,रवि गुर्जर बंटी व्यास जीतनदेवी, ममता, मिथुन शर्मा मनोज अमित मीणा आदि लोग उपस्थित रहे,

### पचलंगी में स्वर्गीय रोहिताश बड़सरा की पुण्यतिथि 7 जुलाई पर होगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)** 'उपखंड क्षेत्र के पचलंगी गांव में अगले महीने 7 जुलाई को स्वर्गीय रोहिताश बड़सरा की पुण्यतिथि पर श्री बालाजी इंजीनियरिंग वर्कशॉप के पास एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा ' राकेश बड़सरा, राजेश, शेर सिंह, विकी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्गीय रोहिताश बड़सरा की पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर का आयोजन प्रातः 9:00 बजे से सायंकाल 5:00 बजे तक आयोजित होगा ' राकेश बड़सरा ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर के दौरान ही आंखों व हड्डियों की जांच एवं निशुल्क दवा वितरण कैंप का भी आयोजन किया जाएगा ' राकेश बड़सरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी दौरान रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र, हेलमेट एवं पौधे वितरित किए जाएंगे ' पचलंकी में रक्तदान शिविर को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है ।



### प्रदेश के हालात खराब-भाजपा नाकामयाब : नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

● **नीट परीक्षा पेपर लीक, बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं बिजली पानी आपूर्ति में गड़बड़ी आदि का लगाया गंभीर आरोप**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/कोटा (खलील कुरैशी)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार की नाकामी के खिलाफ कोटा में आयोजित कांग्रेस पार्टी के प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर तीखा हमला बोला।जूली बोले प्रदेश और देश के हालात बेहद खराब हो गए हैं नीट परीक्षा में धांधली, कानून व्यवस्था चौपट, पानी बिजली की समस्या से लोग परेशान, महिला अत्याचार का बढ़ा ग्राफ और अवैध खनन पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी तरह फेल साबित हो गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब पानी, बिजली व्यवस्था सहित लगभग सभी पॉइंट पर सरकार की व्यवस्थाएं चौपट हो गई है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को नसीहत देते हुए कहा कि संविधान के रखवाले किसी के इशारे पर नहीं नाचे, नाचने वाले अधिकारियों की विधानसभा में पेशी लगवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि देश व
प्रदेश में हो रही धांधली पर भाजपा के नुमाइंदे इसे योगकाल कह रहे हैं जबकि यह बड़े स्तर का रैकेट है जो देश को विनाश की ओर अग्रसर कर कर रहा है। उन्होंने कहा कि अपना एक समय का निवाला छोड़कर अपने बच्चों को पढ़ाने वाले अभिभावकों के पेपर लीक के बाद पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ ईट से ईंट बजा देगा। उन्होंने कहा कि साम दाम दंड भेद से कांग्रेस के जीते हुए अधिकांश कैंडिडेट को सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर भाजपा नेताओं के इशारे पर हरवाया गया। उन्होंने कहा कि जनता के हक की आवाज के लिए मजबूती के साथ विपक्ष सड़क से सदन तक उनकी हकों की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि ईडी जैसी सरकारी मशीनरी से अब लोगों का भरोसा उठ गया है जिस तरह एक सरकार के इशारे पर इन्होंने कार्रवाई कर भय का माहौल बनाया उतनी ही बेकद्री सरकारी एजेंसियों की हुई है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अशोक गहलोत से मुलाकात कर पूछी कुशलक्षेम



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सिविल लाइंस स्थित राजकीय आवास पर जाकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। शर्मा ने गहलोत से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और ईश्वर से उनके शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना की।

## सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर अधीक्षण अभियंता सूचना के अधिकार की धाराओं का कर रहे ग़लत प्रयोग

### लोक सूचना आयोग में व्याख्यान देकर उसका करते हैं विभाग में दुरुपयोग

चमकता राजस्थान

जयपुर। सूचना का अधिकार कानून को सरकार के कामकाज में पारदर्शिता लाने, प्रत्येक नागरिक तक सूचना की पहुंच को आसान बनाने, भ्रष्टाचार को रोकने और सरकारों तथा उनके तंत्रों को जवाबदेह बनाने के प्रशंसनीय उद्देश्यों के साथ लागू किया गया था।

मुख्य रूप से भ्रष्टाचार के खिलाफ 2005 में एक अधिनियम लागू किया गया जिसे सुचना का अधिकार यानी फळक कहा गया. इसके अंतर्गत कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी विभाग से कोई भी जानकारी ले सकता है बस शर्त यह है की फळक के तहत पूछी जाने वाली जानकारी तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए,यानि हम किसी सरकारी विभाग से उसके विचार नही पूछ सकते. लेकिन आप के ईलाके में विकास के कामो के लिए कितने पैसे खर्च हुए है और कहाँ खर्च हुए है जैसे सवाल आप सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत पता कर सकते है!

इसका उपयोग हम तथ्यों की जानकारी पाने के लिए कर सकते है. जैसे'' सड़क बनाने के लिए कितने पैसे आये और कहा पर खर्च हुए, भवन निर्माण में इतना पैसा लगा और कौनसी सामग्री उपयोग में ली गई इत्यादि ?

लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर अधीक्षण अभियंता सूचना के अधिकार की धाराओं का ग़लत प्रयोग कर रहे हैं !

अधीक्षण अभियन्ता वृत्त शहर जयपुर इन सभी सूचनाओं को आवेदकों को देने से किसी ने किसी कारण से मना कर रहे हैं और तो और यदि आवेदक उनसे सूचना नहीं देने का कारण पूछता है तो वे उस अपने सूचना के अधिकार का ज्ञान बखारते नज़र आते हैं

''चमकता राजस्थान'' कार्यालय मैं जब शिकायतकर्ता ने सूचना के अधिकार के तहत सूचना नहीं दी जा रहा है के बाबत शिकायत की तो हमारे संवाददाता ने सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त जयपुर शहर के अधीक्षण अभियंता अनिल विजयवर्गीय से लोगों को सूचना नहीं देने की शिकायत के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि उन्हें सूचना के अधिकार के बारे में विस्तृत ज्ञान है और लेक्चर देने के लिए लोक सूचना आयोग में भी बुलाया जाता है, शिकायतकर्ता का यह भी कहना है कि विजयवर्गीय अपने इस ज्ञान का दुरुपयोग समय-समय पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के घोटालों को दबाने के लिए करते रहते हैं।

## दीया कुमारी को वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड इंडिया से बर्लिन आइटीबी में किया जाएगा सम्मानित

● **प्रदेश में पर्यटन को नयी ऊंचाईयों तक पहुंचाने में सफ़ल और सकारात्मक प्रयासों के दिया जा रहा है यह पुरस्कार**



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी)।** उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी को वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान आईटीबी बर्लिन, जर्मनी में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल टूरिज्म बर्लिन में दिया जाएगा। इसी कार्यक्रम में राजस्थान टूरिज्म को डेस्टिनेशन ऑफ द ईयर रॉयल एक्सपीरियंसेज के लिए पटवा इंटरनेशनल ट्रैवल अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार प्रदेश में बढ़ावा देने के है। राज्य सरकार, मंशानुरूप कार्य में पर्यटन को विस्तृत कार्ययोजना कर रही है। इसी एरिया ट्रैवल (पटवा) के डेस्टिनेशन ऑफ एक्सपिरिएंसेस के के सम्मान के लिए आईटीबी, बर्लिन पर्यटन उद्योग को लिए कार्य कर रही केंद्र सरकार की करते हुए राजस्थान बढ़ावा देने के लिए बनाकर काम के तहत पेसिफिक राइटर्स संगठन जरिए राजस्थान को द ईयर रॉयल लिए वर्ष 2024 चयनित किया गया में दिए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री नेतृत्व में विभिन्न दुनिया में जा रही है। जयपुर ट्रैवल ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार का आयोजन प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि दीया कुमारी के राजस्थान पर्यटन के पहलुओं की देश और सघनता से ब्रांडिंग की में हाल ही में सफलतापूर्वक ग्रेट इंडियन बाजार का आयोजन किया गया है। आईजीटीबी का विदेशी टूर ऑपरेटर्स की ओर से बेहतरीन रेस्पोंस मिल रहा है। इसी प्रकार जयपुर में मेड इन इंडिया एक्सपो आयोजित कर राजस्थान की वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में ब्रांडिंग की गई है। राठौड़ ने बताया कि राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिए लगातार नियमित रूप से गतिविधियों के माध्यम से सफलतापूर्वक प्रयास किए जा रहे हैं।

## विधायक बालमुकुंदाचार्य ने अमरनाथ यात्रा के लिए जयपुर से पहले जत्थे को किया रवाना




चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** बंगाली बाबा आश्रम दिल्ली रोड गणेश मन्दिर ज्यपुर से अमरनाथ यात्रा के लिए दो बसों से यात्रियों को हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने बाबा बर्फानी के जयकारे के साथ रवाना किया। अमरनाथ यात्रा शय़ाम शर्मा के नेतृत्व में की जायेगी। इस मौके पर झोटवाड़ा मण्डल पूरब अध्यक्ष शंकर यादव, पन्या सेप्ट, मुरारी शर्मा, बजरंग लाल शर्मा भी यात्रा में शामिल रहे। यात्री रास्ते में विभिन्न स्थानों पर दर्शन करते हुए बाबा बर्फानी का आशीर्वाद लेंगे।

## 25 जून को लागू हुआ था आपातकाल, भाजपा मनाएगी काला दिवस, प्रदेश की सभी जिला मुख्यालयों पर होगी विचार संगोष्ठी

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 24 जून।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि भाजपा 25 जून को भारतीय लोकतंत्र के काले दिवस के रूप में मनाएगी। 25 जून के दिन ही 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आपातकाल' की घोषणा की थी। भाजपा संविधान का सम्मान करती है जबकि संविधान की हत्या का काम कांग्रेस पार्टी ने कई बार किया है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण आपातकाल है। ऐसे में भाजपा प्रदेशभर में सभी जिला मुख्यालयों पर विचार संगोष्ठी आयोजित करेगी।



भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी ने बताया कि भाजपा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर इस काले दिन के अवसर पर विचार संगोष्ठी का आयोजन करेगी। इस दौरान प्रबुद्ध जन, डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, विद्यार्थी, नौजवान सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहेंगे। इस गोष्ठी में भाजपा की ओर से सभी पदाधिकारियों को जिला अनुसार जिम्मेदारी दी गई है। इसमें भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर बतौर मुख्य अतिथि दौसा जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहेगी। वहीं जयपुर शहर में चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत, जयपुर देहात उत्तर में राज्यसभा सांसद मदन राठौड, जयपुर देहात दक्षिण में प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इसी तरह पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनियां नागौर, अरूण चतुर्वेदी टोंक, प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा भीलवाडा, सीआर चौधरी चित्तौडगढ़, प्रभुलाल सैनी कोटा शहर, प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत चूरू, ओमप्रकाश भडाणा झुंझुनूं, प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया हनुमानगढ, वासुदेव चावला सीकर, भूपेंद्र सैनी अलवर उत्तर और आईदान सिंह भाटी जोधपुर देहात उत्तर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी या अन्य प्रभारी मौजूद रहेंगे।

### भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर दौसा, तो चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत जयपुर शहर के कार्यक्रम में रहेंगे उपस्थिति

# राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसाइटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक हुई आयोजित

## नयें जिलों में रेडक्रॉस सोसायटी बनेगी, एनीमिया मुक्त राजस्थान के लिए कार्य होगा : राज्यपाल कलराज मिश्र

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य में विद्यार्थियों को निशुल्क एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण की पहल होगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी के समन्वय से प्रदेश में इसे क्रियान्वित किया जाएगा। राज्यपाल मिश्र ने सोमवार को राजभवन में रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक मे संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि इस संबंध में शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा। इसके लिए हर जिले से चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 10 मास्टर ट्रेनर्स की व्यवस्था की जाएगी। राज्यपाल ने बैठक में राज्य के 33 जिलों के अलावा नए 17 जिलों में रेडक्रॉस सोसायटी गठन के लिए प्रभावी कार्य किए जाने के भी निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि इस संबंध में 31 जुलाई तक आवशयक रूप से कार्यवाही कर ली जाए। उन्होंने जिलों में वृक्षारोपण के लिए भी रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सक्रिय भूमिका निभाने और लगाए जाने वाले पौधों के संरक्षण के लिए भी कार्य किए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने रेडक्रॉस के जरिए अंगदान और देहदान के लिए लोगों को प्रेरित करने, चिकित्सा उपकरणों में सहयोग के लिए जन सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अंगदान के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए विद्यालय स्तर पर कार्यवाही हो। इस पर बताया गया कि विद्यालयी पाठ्यक्रम में इसे शामिल करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जल्द विद्यार्थियों के लिए इसे लागू किया जाएगा। राज्यपाल मिश्र ने बैठक में टीबी मुक्त राजस्थान के लिए किए जाने वाले कार्यों में रेडक्रॉस की भागीदारी की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि इस संबंध में अधिकाधिक निक्षय मित्र बनाने और आमजन की भागीदारी से कार्य किया जा रहा है। बैठक में राज्यपाल ने राजस्थान को एनीमिया मुक्त किए जाने के लिए भी प्रभावी कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इस पर बताया गया कि राजस्थान और विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में एनीमिया बीमारी से मुक्त करने की पहल की जा रही है। राज्यपाल ने जनजातीय क्षेत्रों में एनीमिया रोगियों के बारे में नियमित जानकारी लेकर उनके लिए विशेष रूप से कार्य किए जाने पर जोर दिया। बैठक में राज्यपाल ने सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता और स्क्रीनिंग के लिए किए जाने वाले कार्यों की भीचिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार सार्वजनिक सहभागिता से राज्य में मानव कल्याण के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के सुधारने के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा स्वच्छता अभियान के साथ पौधारोपण, रक्तदान, अंगदान और देहदान के लिए रेडक्रॉस के साथ मिलकर अधिकाधिक कार्य किए जाएंगे। इससे पहले इंडियनरेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान शाखा के चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने रेडक्रॉस सोसायटी की राज्य शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। सचिव विजय खत्री ने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी।परिवहन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डॉ. जितेन्द्र सोनी, माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक बृजमोहन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के रवि प्रकाश ने भी विचार रखे। एवं समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मानव कल्याणकारी कार्यों के साथ चिकित्सा और सेवा कार्यों में जनभागीदारी बढाई जाए। रेडक्रॉस सदस्यों की संख्या में वृद्धि कर इससे जुड़ी गतिविधियों का विस्तार किया जाए।वेबसाइट एवं न्यूजलेटर का लोकार्पण राज्यपाल कलराज मिश्र और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की राजस्थान शाखा की वेबसाइट का लोकार्पण किया। इसमें राजस्थान में रेडक्रॉस द्वारा किए जा रहे कार्यों के साथ ही इससे जुड़ने वाले सदस्यों और भामाशाहों द्वारा दिए जाने वाले दान की ऑनलाइन व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई है। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के न्यूज लेटर रेडक्रॉस टाइम्स के नवीन अंक का भी लोकार्पण किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान प्रदेश माली महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ निर्विरोध निर्वाचन

- **ताराचंद गहलोत अध्यक्ष, भवानी शंकर माली, मुख्यालय महामंत्री, एवं बहादुर सैनी का कोषाध्यक्ष पद पर हुआ मनोनयन**



**चमकता राजस्थान। जयपुर !(खलील कुरैशी)** राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की प्रदेश स्तरीय आमसभा का आयोजन स्वेज फार्म, सोडाला स्थित हीरा वैली रिसोर्ट में बिरदा राम देवड़ा की अध्यक्षता में हुआ जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष ताराचंद गहलोत, महामंत्री मुख्यालय भवानी शंकर माली, कोषाध्यक्ष बहादुर सैनी को निर्विरोध चुना गया। नव निर्वाचित मुख्यालय महामंत्री भवानी शंकर माली ने बताया कि प्रदेश की यह राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा 1982 से प्रदेश में कार्यरत है लेकिन इसका कॉपरेटिव डिपार्टमेंट से रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया हुआ था अब रजिस्ट्रेशन होने के बाद पहली बार प्रदेश के सभी जिलों से आए पूर्व के पदाधिकारी एवं समाज बंधुओ ने आमसभा में तीन पदों का निर्वाचन किया तथा 14 जिलाध्यक्षो सहित 102 लोगों की प्रदेश स्तरीय कार्यकारणी का घटन किया गया साथ ही महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती गीता सोलंकी नागौर एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती शीला सैनी को नियुक्त किया गया। माली ने बताया कि बैंक अकाउंट पैन कार्ड सहित सारी विधिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई है अब जल्द ही प्रदेश स्तर पर कार्यकारणी का विस्तार कर सभी जिलों के अध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे तथा विधान के अनुसार हर 2 महीने में कार्यकारणी की मीटिंग जिलों में बुलाई जाएगी।

### जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के निर्देशन में पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

- **कैफे की आड़ में चला रहा था हुक्का बार,**
- **मैनेजर गिरफ्तार वीटी रोड से हुक्के, चिलम और पाइप आदि किये जब्त**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** शिप्रा पथ थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए एक मैनेजर को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने मौके से हुक्के, चिलम, पाइप, कटौरी और फ्लेवर जब्त किए हैं। शिप्रा पथ थाना पुलिस और डीएसटी दक्षिण ने इलाके के वीटी रोड मानसरोवर में संचालित वाइन कैफे स्काई के हुक्का बार में कार्रवाई की। यहां कैफे की आड़ में हुक्का परोसा जा रहा था। शिप्रापथ थाना पुलिस को पिछले कुछ दिनों से यहां पर कैफे की आड़ में हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। इस पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया। पुलिसकर्मी को सादा वर्दी में भेजकर तस्दीक करवाई। इसके बाद पुलिसकर्मी के इशारा मिलने पर छापा मारा गया। पुलिस ने बिना लाइसेंस के हुक्का पिला रहे शिवा, निवासी यूपी हाल मैनेजर वाइन कैफे स्काई को गिरफ्तार किया है।

# राजस्थान में सोने के भंडार: प्रदेश में रोज़गार के खुले द्वार

## बांसवाड़ा में मिला 222.39 टन सोना जगपुरा स्वर्ण खदान की हुई नीलामी, रतलाम की फर्म को मिला लाईसेंस

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। अब मरुथरा सोनधरा होने जा रही है। राजस्थान सरकार ने वांसवाड़ा में स्वर्ण और अयस्क खनन के लिए भुखिया जगपुरा खनन ब्लॉक की नीलामी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसका लाइसेंस रतलाम की सैयद ओवैस अली फर्म को मिला है। जिसके चलते देश में कर्नाटक, आंध्रप्रदेश और झारखंड के चाद राजस्थान चौथा राज्य होगा। जहां सोने का खनन होगा। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार इस क्षेत्र में सोने के धातु की मात्रा 222.39 रस आंकी गई है। खनिज अभियंता गौरव मीणा ने बताया कि बांसवाड़ा के घाटोल उपखंड में खदान के लिए दो ब्लॉक भूकिया जगपुरा आवंटित किए गए थे। गत दिनों दोनों ब्लॉक के लिए तकनीकी बिड खुलने के बाद अब स्वर्ण खनन के लिए लाइसेंस दे दिया गया है। भुखिया-जगपुरा स्वर्ण ब्लॉक के माइनिंग लाइसेंस के लिए बड़ी कंपनियों के बीच कड़ी स्पर्धा रही। इसमें रतलाम की कंपनी ने 65.30 प्रतिशत की बोली लगाई और स्वर्ण खनन के लिए ब्लॉक अपने नाम किया।

कांकरिया गारा ब्लॉक का भी लाइसेंस बहुत जल्द राजस्थान के बांसवाड़ा में स्वर्ण खनन के लिए आवंटित्त दो ब्लॉक में से भूखया-जगपुरा के लिए लाइसेंस दे दिया गया है। जबकि दूसरे ब्लॉक कांकरिया गारा गोल्ड के कंपोजिट लाइसेंस के लिए 5 कंपनियां आई हैं। इसमें अहमदाबाद की हीराकुंड नेचुरल रिसोर्सेस लिमिटेड, मुंबई की पोद्दार डायमंड प्राइवेट लिमिटेड, रतलाम की ओवैस मेटल एंड मिनरल्स प्रोसेसिंग लिमिटेड, उदयपुर की हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और कानपुर की बेके सीमेंट लिमिटेड में प्रतिस्पर्धा हैं।

### प्रदेश में अपार रोजगार के खुले अवसर

» भू–वैज्ञानिकों के मुताबिक इस क्षेत्र में 940.26 हैक्टेयर क्षेत्रफल में 113.52 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क का आरंभिक आकलन किया गया है। जिसमें सोने के धातु की मात्रा 222.39 रन आंकी गई है। वहीं कांकरिया गारा में 205 हैक्टेयर में 1.24 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क संभावित है। इन सोने की खदानों से सोने के साथ अन्य सह खनिज भी निकलेंगे। बांसवाड़ा जिले में स्वर्ण खनन से इलेक्ट्रॉनिक, पेट्रोलियम, पैट्रोकैमिकल्स, बैटरी, एयर बैग सहित कई उद्योगों में नए निवेश के साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अप्रत्याशित्त अवसर विकसित होने की संभावना है।



### विदेशी महिलाओं से अश्लीलता करने वाले युवक को पुलिस थाना आमेर ने गिरफ्तार

- **दुकानों से सामान खरीदने का दबाव डालता था, अभद्र कमेंट की रील बना डालता था सोशल मीडिया पर**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)**राजधानी में विदेशी महिलाओं को छूकर अश्लील शब्दों का इस्तेमाल करने और अभद्र भाषा बोलने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक को इसी मामले में 2 महीने पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में छोड़ दिया गया था। दरअसल, 23 जून को युवक की हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया।पुलिस की जांच में सामने आया कि युवक विनोद मीणा (18) पुत्र बद्रीनारायण मीणा महिला पर्यटकों को अश्लील तरीके से छूकर परेशान करता है। पर्यटकों को खुद की निर्धारित दुकानों पर से सामान खरीदने का दबाव डालता है। पुलिस ने छेड़छाड़ और आईटी एक्ट के साथ ही राजस्थान पर्यटन व्यवसाय एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।आमेर थाने के एसएचओ अंतिम शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार युवक जमवारामगढ़ के भावपुरा गांव का रहने वाला है। विनोद ने 11 अप्रैल को आमेर घूमने आई विदेशी महिला पर्यटकों का सेल्फी वीडियो बनाया था। वीडियो में युवक ने विदेश महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की थी। वीडियो इंस्टाग्राम पर रील बनाकर डाल दिया था।

- **पुलिस ने छात्र होने के कारण छोड़ दिया था**

एसएचओ ने बताया कि वीडियो के बारे में 6 मई को पुलिस को पता चला। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर विनोद मीणा को पकड़ा। उसने माफी मांगने के बाद अपने अकाउंट से वीडियो डिलीट कर दिया था। पुलिस ने 12वीं क्लास का स्टूडेंट होने के कारण उसे शांतिभंग में गिरफ्तार किया था।

दोबारा वायरल हुआ तो किया राउंडअप पुलिस ने बताया कि 23 जून को दो महीने पुराना वीडियो दोबारा सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। वीडियो के दोबारा वायरल होने पर आमेर थाने के एसआई बन्ने सिंह की ओर से रविवार रात एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने मामले में तुरंत कार्रवाई कर विनोद मीणा को राउंडअप किया। युवक के मोबाइल को चैक करने पर विदेशी महिलाओं से अभद्रता वाला वीडियो नहीं मिला। माना जा रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति के पास यह वीडियो था, जिसे उसने सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। युवक से पूछताछ की जा रही है।

# आरएमएससी की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने किया सांगानेर सीएचसी का निरीक्षण

## दवाओं का प्रोटोकॉल के अनुसार भण्डारण करने के दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी)।** प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर निरीक्षण का दौर लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने सांगानेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जांच योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। गिरि ने निरीक्षण के दौरान दवाओं के कार्टन खुले में रखे होने पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएस दायमा को वस्तुस्थिति से अवगत कराने तथा संबंधित अधिकारी या कार्मिक की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संकल्पि भाव के साथ मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना का संचालन कर रही हैं। ऐसे में दवाओं का भण्डारण एवं दवाओं की उपलब्धता में किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। प्रबंध निदेशक ने फार्मासिस्ट एवं अन्य कार्मिकों से दवाओं की उपलब्धता, मांग एवं आपूर्ति की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित हो। दवाओं की मांग के लिए रियल टाइम इंडेंट जारी किया जाए। मांग और आपूर्ति में किसी तरह का अंतर नहीं रहे। औषधि भण्डार में नियमानुसार दवाओं का बफर स्टॉक रखा जाए। गिरि ने कहा कि भण्डार कक्ष में दवाओं का भण्डारण निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाए। भण्डार कक्ष का तापमान नियामनुसार हो, ताकि दवाओं की गुणवत्ता प्रभावित नहीं हो। उन्होंने कहा कि एक्सपायर हो चुकी दवाओं तथा बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए किया जाए। साथ ही, दवाओं का उपयोग इस तरह सुनिश्चित किया जाए कि उनके एक्सापयर होने की स्थिति नहीं आए। उन्होंने सभी दवा वितरण काउंटरों का निरीक्षण करने के दौरान सॉफ्टवेयर के माध्यम से दवाओं की उपलब्धता, इंडेंटजारी करने की स्थिति एवं आपूर्ति के बारे में जानकारी ली और आवशयक निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक ने स्वास्थ्य केंद्र में आपूर्तित जांच मशीनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सोनोग्राफी मशीन, डायलिसिस मशीन तथा अन्य जांच मशीनों का समुचित उपयोग किए जाने के निर्देश दिए। गिरि ने कहा कि मशीनों का नियमित मेंटीनेंस सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, मानव संसाधन के संबंध में उच्च स्तर पर अवगत कराएं ताकि जांच मशीनों का सदुपयोग हो और मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। गिरि ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में;दवाओं के भण्डारण के लिए स्थान एवं संसाधनों की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों की एक टीम पुनः स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करेगी। यह टीम तात्कालिक आवशयकताओं का आकलन कर दवाओं के समुचित भण्डार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी।

### ये चिकित्सा अधिकारी रहे मौजूद

» आरएमएससीएल की कार्यकारी निदेशक (लॉजिस्टिक) डॉ. कल्पना व्यास, बीसीएमओ डॉ. एसएस दायमा, पीएमओ डॉ. मुनेश जैन, प्रभारी अधिकारी जिला औषधि भण्डार गृह जयपुर द्वितीय डॉ. गजेन्द्र सोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसी पार्षदों ने मुख्यमंत्री से मिलने के लिए मांगा समय

- **प्रताप सिंह खाचरियावास के करीबी मुद्गल बोले : 10 पार्षदों का डेलिगेशन मिलना चाहता है**




**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर नगर निगम हेरिटेज की मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ कांग्रेसी पार्षद अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात करने की तैयारी कर रहे हैं। सोमवार को दो कांग्रेसी पार्षदों ने सीएम आवास पर जाकर मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा है। इससे पहले रविवार को कांग्रेस के ही 6 पार्षद मेयर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर बीजेपी मुख्यालय पहुंचे थे और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से मुलाकात की थी।वार्ड 35 के पार्षद मनोज मुद्गल ने बताया कि उनके साथ वार्ड-49 के पार्षद उत्तम शर्मा भी सीएम आवास पर पहुंचे। यहां उनके स्टाफ ने सीएम के दिल्ली जाने की बात कही। स्टाफ ने कहा कि
सीएम के आने के बाद वे उनसे बात करके और समय लेकर हमे मिलने के लिए सूचित करेंगे।
मुद्गल ने बताया कि इस समय नगर निगम हेरिटेज का सिस्टम बिल्कुल खत्म हो चुका है। आमजन के काम करने के बजाए मेयर केवल अपने लाभ के काम कर रही है। भ्रष्टाचार के मामले में मुनेश गुर्जर को एसीबी दोषी मान चुकी है। उनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति के लिए पत्र भी लिख चुकी है। उन्होंने बताया कि हमने सीएम के स्टाफ से मुलाकात के बाद 10 पार्षदों के डेलिगेशन के मिलने के लिए समय मांगा है। बता दें कि मुद्गल कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खाचरियावास के नजदीकी माने जाते हैं।

- **कांग्रेस पार्षदों ने बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष से की थी शिकायत**

इससे पहले रविवार देर शाम कांग्रेस के 6 पार्षदों ने बीजेपी मुख्यालय जाकर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से मुलाकात की थी। यहां इन सभी पार्षदों ने नगर निगम हेरिटेज की वर्तमान स्थिति से अवगत करवाते हुए मेयर मुनेश गुर्जर को पद से हटाने की मांग की थी।

- **एसीबी भी सही मान चुकी भ्रष्टाचार के आरोप**

एसीबी भी कांग्रेस मेयर मुनेश के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप सही मान चुकी है। इसके लिए एसीबी ने सरकार से कार्रवाई की इजाजत मांगी थी। स्थानीय निकाय आयुक्त से परमिशन के बाद पति-पत्नी दोनों के खिलाफ एक साथ चालान पेश हो सकता है।

- **वर्तमान में जयपुर हेरिटेज में पार्षदों की स्थिति**

हेरिटेज में कांग्रेस के 47, भाजपा के 42 और 11 निर्दलीय पार्षद है। इनमें भी 6 निर्दलीय ने कांग्रेस को समर्थन दिया था। यहां कुल 100 वार्डों में बहुमत के लिए 51 पार्षदों की जरूरत पड़ती है।

### खाने में नशीला पदार्थ मिला परिचित ने किया महिला से रेप

- **अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल**



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** शहर में एक परिचित युवक के महिला से रेप करनेका मामला सामने आयाहैखानेमेंनशीलापदार्थखिलाकरआरोपीनेमहिलाकेसाथरेपकियाबेहोशीकीहालतमेंबनाएअश्लीलवीडियोसेब्लैकमेलकरधमकाया। मुहाना थानेमें पीड़िता ने आरोपी केखिलाफ रिपोर्ट दर्जकरवाई है। मामले कीजांच मुहाना एसएचओ मदनलाल कडवासरा कर रहे हैं।पुलिस ने बताया कि मानसरोवर निवासी 28 साल की महिला
ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है, जिसमें बताया है कि आरोपी संजयसिंह से परिचित होने के कारण बातचीत है। आरोप है किपरिचित संजय सिंह ने मिलने के बहाने उसे मुहाना बुलाया।मिलने जाने पर धोखे से खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर खिलादिया। नशा होने के चलते वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालतमें आरोपी ने उसके साथ रेप किया। रेप कर उसका अश्लीलवीडियो मोबाइल में बना लिया। होश आने पर विरोध कियातोअश्लील वीडियो को दिखाकर चुप करवा दिया। अश्लीलवीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया।परेशान होकर पीड़िता ने मुहाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद ने ली शपथ

- **वित्त मंत्री वित्त वर्ष 24-25 के लिए बजट पेश करेंगी**



**नई दिल्ली। एजेंसी**

18वीं लोकसभा के पहले सत्र की पहली बैठक में प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता में सदन ने शुरूआत में राष्ट्रगान के बाद मौन रखा। इसके बाद नेता सदन एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शपथ ग्रहण की। नई संसद में पहले शपथ ग्रहण समारोह से पहले सुबह राष्ट्रपति भवन में महताब को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। राष्ट्रपति ने महताब को सहयोग करने के लिए पैनल भी तय किया था। इसमें कोडिकुन्नील सुरेश, टीआरबालू, राधा मोहन सिंह, फगन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंदोपाध्याय का नाम शामिल था। इन्हें प्रधानमंत्री के बाद शपथ दिलाई जानी थी, लेकिन विपक्षी सदस्यों कोडिकुन्नील सुरेश, टीआरबालू और सुदीप बंदोपाध्याय शपथ के समय सदन में उपस्थित नहीं थे। बाकी तीनों पैनल सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। इसके बाद कैबिनेट मंत्रियों राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी सहित एक-एक कर सबने शपथ ली। कैबिनेट के बाद स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्रियों और राज्यमंत्रियों ने शपथ ली। इसके बाद अल्फाबेटिकल क्रम में राज्यों के सासंदों को शपथ दिलायी जा रही है। सबसे पहले आंध्र प्रदेश से सांसदों ने शपथ ग्रहण की। ज्यादातर मंत्रियों ने अपने राज्य की भाषा में शपथ ली।
केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के शपथ ग्रहण के दौरान विपक्ष ने शोर किया। इस दौरान विपक्ष के नेता नीट-नीट शेम-शेम के नारे लगाने लगे। हाल ही में नीट की परीक्षा का पेपर लीक होने के मुद्दे से राजनीति गरमा हुई है। सदन की शुरूआत में विपक्ष के नेता हाथ में संविधान लिए हुए विरोध करने लगे। आज और कल सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। बुधवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा, जिस पर चर्चा होगी और प्रधानमंत्री का वक्तव्य होगा। पहला सत्र 3 जुलाई तक है और इसके थोड़े दिनों के ब्रेक के बाद बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। परंपरा के तहत प्रधानमंत्री ने सुबह मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने विपक्ष से सहयोग की अपील क रते हुए कहा कि सरकार सर्वसम्मति के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बहुमत से बनती है, लेकिन संसद सर्वसम्मति से चलती है।
प्रधानमंत्री ने नए और खासकर युवा सांसदों के सदन में पहुंचने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अवसर विकसित भारत 2047 और देश के लोगों की आकांक्षाओं पूरा करने का है। देश में दूसरी बार है जब एक सरकार को लगातार तीसरी बार लोगों ने सेवा का अवसर दिया है। वे अपेक्षा करते हैं कि विपक्ष अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।
अब कल लोकसभा अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इसके अगले दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दोनों सदनों में चर्चा होगी, जिसका उत्तर प्रधानमंत्री देंगे। लोकसभा का पहला सत्र पूरा होने के बाद कुछ दिनों के अंतराल में बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें वित्त मंत्री वित्त वर्ष 24-25 के लिए बजट पेश करेंगी।

### भर्तृहरि महताब बने 18वीं लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर



**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की सोमवार से शुरूआत होने जा रही है। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ दिलाई। 3 जुलाई तक चलने वाले सत्र के शुरूआती दो दिन सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।


### विधायक कुलदीप धनकड़ के जन्मदिन के पर आयोजित होने वाले स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के पोस्टर का किया गया विमोचन

- **विराटनगर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने के संबंध में कसी कमर**




**चमकता राजस्थान। पावटा (खलील कुरैशी)** विधायक कुलदीप धनकड़ के जन्मदिन के उपलक्ष पर रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। रक्तदान शिविर संयोजक भाई हरिद्वारी लाल स्वामी ने बताया कि विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ के जन्म उत्सव के अवसर पर पावटा के एस के अस्पताल में 29 जून, शनिवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके पोस्टर का विमोचन कुलदीप धनकड़ के द्वारा किया किया। इस अवसर पर मंडा सरपंच प्रतिनिधि शेरसिंह, धर्मवीर वर्मा, मक्खन, नरेंद्र सिंह, विकास सिंह, शक्ति सिंह, मनोज चौधरी, किशन, टिंकू प्रजापति, राहुल, पंकज, सत्यनारायण, मनोज स्वामी सहित टीम के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी मोदी सरकार: केशव



**लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नरेंद्र मोदी को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं दी है। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में मोदी सरकार देश व प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी नरेंद्र मोदी को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एव शुभकामनाएं दी हैं।**

## स्वयं समाज और देश की प्रगति के लिए चिंतन आवश्यक: राजेंद्र शुक्ल

**भोपाल। एजेंसी**



उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान भोपाल में पं रामेश्वरदास भार्गव स्मृति ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का भंडार हैं। ज्ञान अध्ययन और अनुभव से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि स्वयं की प्रगति, समाज और देश की प्रगति के लिए चिंतन आवश्यक है।
शपुस्तकों के अध्ययन से सोच का विकास होता है। एक विषय को कई नजरियों से देखने की समझ विकसित होती है। अगर हम किसी भी बड़ी हस्ती की जीवनी पर नजर डालें तो यह पता चलता है कि पुस्तकों का अध्ययन उनकी नियमित दिनचर्या में था। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि माधवराव सप्रे संग्रहालय द्वारा नियमित रूप से समय और मांग के आधार पर सुविधाओं को विकसित किया गया हैं। 40 वर्ष पहले शुरू हुए संग्रहालय में आज 1 लाख 75 हजार से अधिक पुस्तकें हैं। संग्रहालय में डिजिटल लाइब्रेरी भी क्रियान्वित है। ई-लाइब्रेरी से छात्रों, शोधकताओं को करोड़ों पुस्तकों, समाचार पत्रों और पांडुलिपियों और अन्य अध्ययन सामग्री से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने इन सतत प्रयासों के लिए सप्रे संग्रहालय के संस्थापक-संयोजक विजय दत्त श्रीधर और प्रशासन प्रबंधन से जुड़े सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की।
उन्होंने समाजसेवियों और विभिन्न संस्थानों द्वारा समय-समय पर संग्रहालय को प्रदान किए गये सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। लेखनी में बड़ी ताकत होती है साथ ही यह एक सामाजिक दायित्व भी है। अच्छी प्रशासनिक व्यवस्था के लिए शासन, प्रशासन और पत्रकारिता का सामंजस्य अहम है।

**विभूतियों को सम्मानित किया**

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने एक दैनिक अखबार ने राज्य संपादक सतीश कुमार सिंह को माधवराव सप्रे राष्ट्रीय पत्रकारिता पुरस्कार से और ₹बाल पुस्तकालय₹ की रचनाकार कु. मुस्कान अहिरवार को महेश गुप्ता सृजन सम्मान प्रदान किया। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने पर सम्मानित किया जाना गौरवशाली परंपरा है। इससे सम्मानित व्यक्तियों का हौसला बढ़ता है साथ ही अन्य नागरिकों को प्रेरणा मिलती है।

### पुलिस ने तमंचा और चाकू के साथ दो युवक पकड़े

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक युवक के पास से एक तमंचा, जिंदा कारतूस व दूसरे युवक के पास से एक चाकू बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक ज्वालापुर कोतवाली पुलिस को चेकिंग के दौरान दो युवक संदिग्ध अवस्था में सेक्टर 2 बैरियर के पास से घूमते हुए मिले। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की और उनकी तलाशी ली।
युवकों के पास से तमंचा, जिंदा कारतूस और चाकू बरामद हुआ। युवकों ने अपना नाम बृजवंश राजपूत पुत्र बृजराज निवासी नगीना जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश तथा शिवांग पुत्र देवेंन्द्र निवासी कनखल जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मप्र व छत्तीसगढ़ संयुक्त रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम करें आयोजित : डॉ. मोहन यादव

**भोपाल। एजेंसी**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पड़ौसी राज्य छत्तीसगढ़ की भौगोलिक सीमा के साथ-साथ दोनों राज्यों की साझा सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विरासत है। दोनों राज्यों की सरकारों द्वारा कुछ कार्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित किए जा सकते हैं। व्यवस्था और प्रबंधन की दृष्टि से दो राज्य बने हैं, पर भावनात्मक रूप से हम एक हैं।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ आए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल को समत्व भवन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के जनप्रतिनिधि राष्ट्र निर्माण को समर्पित हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधियों से मध्यप्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए सुझाव और सहयोग का आव्हान करते हुए उन्हें अपने ज्ञान और कौशल का मध्य प्रदेश में भी विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों को महाकालेश्वर के साथ-साथ उज्जैन स्थित भगवान श्रीकृष्ण परंपरा, देवी परंपरा के स्थानों एवं त्रिवेणी संग्रहालय के विभिन्न आयामों की जानकारी दी। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री साव ने भी संबोधित किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक शालिग्राम तोमर के भोपाल में आयोजित स्मृति समारोह में भाग लेने के लिए परिषद के लगभग 70 सदस्यों का दल छत्तीसगढ़ से भोपाल आया हुआ है। दल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उनके छात्र जीवन से संबंधित छायाचित्र भेंट किया।

### मंत्रों के सही उच्चारण से व्यक्ति का मन शांति को प्राप्त करता हैं : डा. चिन्मय

**मुरादाबाद। एजेंसी**



अध्यात्म ज्ञान एवं चिन्तन संस्था मुरादाबाद की 170 वीं मासिक ब्रह्मज्ञान विचार गोष्ठी का आयोजन सोमवार को एमआईटी सभागार में किया गया, जिसका विषय था 'मन्त्र का मानव पर प्रभाव'। इस विषय पर डा. चिन्मय पण्ड्या शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा यू-ट्यूब चैनल पर दिए गए व्याख्यान का प्रस्तुतिकरण किया गया। डा. चिन्मय पण्ड्या का परिचय देवेश भारद्वाज द्वारा दिया गया।
डा. चिन्मय पण्ड्या द्वारा मंत्र शक्ति के विभिन्न पक्षों की विवेचना करते हुए यह बताया गया कि मन्त्रोच्चारण का मानव जीवन पर अत्यन्त गहरा प्रभाव पड़ता हैं। मंत्रों के उच्चारण से जो ध्वनि निकलती है उसका प्रभाव मानव के मन, मस्तिष्क व शरीर पर पड़ता है। मंत्रों के सही प्रकार उच्चारण से व्यक्ति का मन शांति को प्राप्त करता हैं तथा मस्तिष्क विकसित होता हैं तथा शरीर के विभिन्न अंग सम्पुष्ट होते हैं। मंत्र पाठ से व्यक्ति के संस्कार भी शुद्ध होते हैं। मन्त्रों के माध्यम से मानव का आध्यात्मिक उत्थान होता है। मंत्रों के माध्यम से विक्षिप्त व्यक्ति तथा अपराधी व्यक्ति भी शांति एवं सद्बुद्धि को प्राप्त कर सकता है।
डा. चिन्मय ने आगे बताया कि बहुत से व्यक्ति अज्ञानता वश मंत्रों का सही प्रकार उच्चारण नहीं करते हैं ऐसी दशा में उनको पूर्ण लाभ नहीं मिल पाता हैं परंतु फिर भी कुछ लाभ तो प्राप्त होता ही हैं।

# कोटा में कांग्रेस ने नीट भर्ती निरस्त, बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था, बिजली पानी आपूर्ति की परेशानी आदि मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

चमकता राजस्थान

- **प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जमकर धक्का-मुक्की**
- **वाटर केनन से बौछ- र छोडकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को किया काबू**
- **प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद डोटासरा,जुली ,गुंजल, चांदना सहित कई नेताओं ने दी गिरफ्तारी**

चमकता राजस्थान

**कोटा।** प्रदेश में बिगडती कानून व्यवस्था, बिजली संकट, नीट सहित कई मामलों को लेकर आयोजित हुआ था जंगी प्रदर्शन, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर कोटा देहात की ओर से महंगाई, भ्रष्टाचार, पेपर लीक, नीट, बिजली संकट नेहरों में किसानों को पानी उपलब्ध कराए जाने एवं मदन दिलावर के बयान सहित कई मामलों को लेकर कोटा में कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन हुआ. इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया और सर्किट हाउस से पैदल कलक्ट्री पहुंचे जहां उन्होंने कलक्ट्री की और जाने





का प्रयास किया लेकिन कार्यकर्ताओं को पुलिस ने अंदर नहीं जाने दिया. भारी पुलिस आवाज में के बीच कांग्रेस का कार्यकर्ता बार-बार कोशिश करता रहा लेकिन पुलिस ने उन्हें भीतर नहीं घुसने दिया.

- **पानी केनन की बौछार से हुए तितर-बितर**

कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे. कई बड़े नेता सहित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जैसे ही अंदर जाने के लिए ज्यादा जोर आजमाइश की तो पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर बितर कर दिया. काफी देर तक चली पानी की बौछार के बाद भी कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं माने और जमकर नारेबाजी करते रहे और पानी में ही रोड पर बैठकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे. इस अवसर पर कई पुलिस अधिकारी भी पानी की बौछार से भीग गए. पुलिस नेकार्यकर्ताओं को जबरन हटाने का प्रयास किया, लेकिन वह डटे रहे. इसी बीच कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ अपनी गिरफ्तारी दी.

- **प्रदर्शन में इन कांग्रेसी नेताओं ने लिया भाग**

इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोबिंद सिंह डोटासरा,नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री व विधायक अशोक चांदना, हरिमोहन शर्मा विधायक चेतन पटेल, सीएल प्रेमी, पूर्व विधायक रामनारायण मीणा, विधायक प्रत्याशी रहे नईमुद्दीन गुड्डु, महेंद्र राजोरिया, राखी गौतम,प्रवक्ता अनूप ठाकुर, मंजूर तंवर उप महापौर पवन मीणा, युवा नेता नरेश मीणा शहर जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, देहात अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष मोइनुद्दीन गुड्डु, आबिद कागजी, पूर्व बूंदी जिला प्रमुख महावीर मीणा यशवंत चौधरी, संदीप पुरोहित कैथल नगर पालिका अध्यक्ष आईना महक, सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व नेता उपस्थित है

# टी20 विश्व कप : दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**एंटीगुआ। एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार की सुबह (भारतीय समयानुसार) यहां आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 8 के एक रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। बारिश से बाधित इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में जब दक्षिण अफ्रीका की टीम बल्लेबाजी करने उतरी तो पहले ओवर में क्विंटन डी कॉक ने 12 रन जोड़े। हालांकि आंद्रे रसेल ने दूसरे ओवर में रीजा हैंड्रिक्स (00) और डी कॉक (12) को आउट कर अफ्रीकी टीम की शुरूआत बिगाड़ दी। बारिश ने डाला खेल में खलल, दक्षिण अफ्रीका को 17 ओवर में मिला 123 रनों का लक्ष्य हालांकि इसके बाद बारिश शुरू हो गई। बारिश रूकने के बाद दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 17 ओवर में 123 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। दक्षिण अफ्रीका को कप्तान एडन मार्करम और ट्रिस्टन स्टब्स ने सधी शुरूआत दिलाई। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 27 रन जोड़े, इस साझेदारी को अल्जारी जोसेफ ने मार्करम को आउट कर तोड़ा। मार्करम ने 15 गेंदों पर 2 चौकों की बदौलत 18 रन बनाए।

मार्करम के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए हेनरिक क्लासेन ने तेजी से बल्लेबाजी करनी शुरू की और केवल 10 गेंदों पर 3 चौके और 1 छक्के की बदौलत 22 रन बनाए। 77 के कुल स्कोर पर अल्जारी जोसेफ ने क्लासेन को विकेटकीपर पूरन के हाथों कैच आउट कराया। डेविड मिलर कुछ खास नहीं कर सके और 93 के कुल स्कोर पर रोस्टन चेज ने उन्हें बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका पांचवां झटका दिया।

इसके बाद संभलकर खेल रहे ट्रिस्टन स्टब्स ने चेज को छक्का मारने के चक्कर में मिडऑन पर काइल मेयर्स को कैच थमा दिया। स्टब्स ने 27 गेंदों पर 4 चौकों की बदौलत 29 रन बनाए। 16वें ओवर में 110 के कुल स्कोर पर केशव महाराज (02) को रोस्टन चेज ने आउट कर दक्षिण अफ्रीका को सातवां झटका दिया, यहां से लगा कि अफ्रीकी टीम एक बार फिर अपने उपर लगी चोकर्स के ठप्पे को सही साबित कर देगी, लेकिन मार्को यान्सन और कागिसो रबाडा ने टीम को 5 गेंद रहते जीत दिला दी। यान्सन ने 17वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। यान्सन 14 गेंदों पर 1 चौके और 1 छक्के की बदौलत 21 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं रबाडा 3 गेंदों पर 5 रन बनाकर अविजित लौटे।



● आंद्रे रसेल ने दूसरे ओवर में रीजा हैंड्रिक्स (00) और डी कॉक (12) को आउट कर अफ्रीकी टीम की शुरूआत बिगाड़ दी

### वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 8 विकेट पर बनाए 135 रन

इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 135 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए रोस्टन चेज ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 52 रन बनाए, वहीं काइल मेयर्स ने 35 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इन दोनों के अलावा आंद्रे रसेल ने 15 और अल्जारी जोसेफ ने 11 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से तबरेज शम्सी ने 3, मार्को यान्सन, एडन मार्करम, केशव महाराज और कागिसो रबाडा ने 1-1 विकेट लिया।

## एक नजर

### यूरो 2024 : ग्रुप ए विजेता के रूप में जर्मनी ने अंतिम 16 में किया प्रवेश



**बर्लिन।** निकोलस फुलक्रग के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से मेजबान जर्मनी ने रविवार को स्विटजरलैंड के साथ 1-1 से ड्रा खेला और ग्रुप ए विजेता के रूप में यूरो 2024 के अंतिम 16 दौर में प्रवेश किया। जर्मनी पहले ही दो गेम में दो जीत हासिल कर चुका था और उसे ग्रुप में जीत हासिल करने के लिए सिर्फ.एक अंक की जरूरत थी। मैच में स्विटजरलैंड ने अच्छी शुरूआत की और मैच के 28वें मिनट में रेमो फ्र्यूलर ने गेंद को डैन एनडोये के पास पहुंचाया, जिन्होंने गेंद को गोल पोस्ट में डालकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। एनडोये को कुछ ही क्षणों बाद स्विटजरलैंड की बढ़त दोगुनी करने का मौका मिला।

### इटली ने जापान को हराकर महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग का खिताब जीता

**बैंकॉक।** इटली ने रविवार को फाइनल में जापान को 25-17, 25-17, 21-25, 25-20 से हराकर एफआईवीबी महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) का खिताब जीत लिया है। इटली की स्टार खिलाड़ी पाओला एगोनू ने गेम में सर्वाधिक 27 अंक बनाए। 25 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने अपनी टीम के 12 किल ब्लॉक में से चार रिकॉर्ड किए और इटली के 66 सफल हमलों में से 23 को अंजाम दिया, को महिलाओं की वीएनएल 2024 की सबसे मूल्यवान खिलाड़ी नामित किया गया। मैच में पहले दो सेट हारने के बाद, जापान ने तीसरा सेट जीतकर मैच में वापसी की, लेकिन वे इससे ज्यादा नहीं कर पाए और चौथे सेट में हार के साथ ही उन्हें जापान को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जो कि वीएनएल में टीम का अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम है। पोलैंड ने पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में ब्राजील को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

### एशिया कप के लिए बांग्लादेशी टीम में रूमाना अहमद, जहांआरा आलम की वापसी

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आगामी महिला एशिया कप के लिए रविवार को रूमाना अहमद और जहांआरा आलम की अनुभवी जोड़ी को अपनी राष्ट्रीय टीम में वापस बुलाया है। एशिया कप का आयोजन 19 से 28 जुलाई तक श्रीलंका में किया जाएगा। रुमाना ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के दौरान बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया था, जबकि जहां आरा ने आखिरी बार मई 2023 में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के दौरान बांग्लादेश के लिए खेला था। रविवार को टीम की घोषणा के बाद बीसीबी की महिला विंग के मुख्य चयनकर्ता सज्जाद अहमद ने कहा यह विश्व कप से पहले हमारा आखिरी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट होगा। इसलिए हम इस टूर्नामेंट के लिए कुछ बदलाव करने का विकल्प चुनते हैं। उन्होंने कहा रुमाना और जहां आरा लगभग एक साल से राष्ट्रीय टीम से बाहर थीं। प्रीमियर लीग में उनका प्रदर्शन काफी शानदार रहा... हम अनुभवी, प्रतिभाशाली और युवा क्रिकेटरों के साथ एक संतुलित टीम बनाना चाहते थे।


### डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं श्रीजा अकुला

**नई दिल्ली।** श्रीजा अकुला डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय पैडलर बन गईं हैं। उन्होंने रविवार को नाइजीरिया के लागोस में फाइनल में चीन की विश्व नंबर 504 डिंग यिजी को 4-1 (10-12, 11-9, 11-6, 11-8, 11-6) से हराया। भारत की दूसरे नंबर की पैडलर ने अर्चना कामथ के साथ मिलकर हमवतन दीया चितले और यशस्विनी घोरपड़े को 3-0 (11-9, 11-6, 12-10) से हराकर महिला युगल का खिताब भी जीता। श्रीजा और अर्चना ने सेमीफाइनल में एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अयहिका मुखर्जी और सुतीर्थ मुखर्जी के खिलाफ 3-0 (11-7, 11-5, 12-10) से जीत हासिल की थी। दूसरी ओर, दीया और यशस्विनी ने अपने अंतिम-चार मुकाबले में चीन के सुन सिनान और डिंग पर 3-1 (14-12, 6-11, 11-6, 11-7) से जीत दर्ज की थी। हरमीत देसाई और मानव ठक्कर इस स्तर पर जीत हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष युगल बन गए। उन्होंने पुरुष युगल फाइनल में स्थानीय पसंदीदा अजीज सोलंके और ओलाजिदे ओमोटायो को 3-0 (11-8, 11-9, 11-8) से हराया। श्रीजा, अर्चना, हरमीत और मानव पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टेबल टेनिस टीम का हिस्सा हैं। जिसका नेतृत्व शरत कमल और मनिका बत्रा करेंगे।

## अर्धशतक लगाने और तीन विकेट लेने वाले चौथे खिलाड़ी बने रोस्टन

**सेंट जॉन्स। एजेंसी**

वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोस्टन चेस सोमवार को एक आईसीसी टी 20 विश्व कप मैच में अर्धशतक बनाने और तीन या अधिक विकेट लेने वाले कुल मिलाकर चौथे और अपनी टीम के दूसरे खिलाड़ी बन गए। चेस ने यह उपलब्धि एंटीगुआ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप सुपर आठ टी20 विश्व कप मुकाबले के दौरान हासिल की। मैच में, चेस ने 42 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 52 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 123.81 रहा। इसके बाद उन्होंने तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर और केशव महाराज के विकेट शामिल थे। हालांकि, उनका यह शानदार प्रदर्शन बेकार गया और वेस्टइंडीज मैच 7 विकेट से हार गया और प्रतियोगिता से बाहर हो गया।



वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने इससे पहले यह कारनामा करने वाले पहले खिलाड़ी थे, जिन्होंने टी20 विश्व कप 2009 में लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ नाबाद 66 रन बनाए और 38 रन देकर 4 विकेट लिये। ब्रावो के स्पेल की बदौलत भारत ने 7 विकेट पर 153 रन बनाए। इसके बाद उनके अर्धशतक की बदौलत वेस्टइंडीज ने आठ गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। शेन वॉटसन ने 2012 टी20 विश्व कप के दौरान कोलंबो में दो बार ऐसा किया था।

## भारत ने तीरंदाजी में ओलंपिक टीम कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

सोमवार को जारी ताजा विश्व तीरंदाजी रैंकिंग के आधार पर भारत ने इस वर्ष के पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम के लिए कोटा हासिल कर लिया है। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में गैर-योग्य देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और टीम कोटा हासिल किया। इस प्रकार, भारत पेरिस में होने वाली सभी पदक स्पर्द्धाओं पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित वर्ग में भाग लेने के लिए पात्र होगा। पुरुष वर्ग में भारत और चीन ने जगह बनाई, जबकि महिला वर्ग में इंडोनेशिया टीम ओलंपिक कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश था।

टीम स्पर्द्धाओं में प्रत्येक खंड में 12 टीमें होंगी, जबकि मिश्रित प्रतियोगिताओं में पांच टीमें प्रतिस्पर्द्धा करेंगी। पहली बार, तीन चरण के ओलंपिक क्वालीफायर के बाद शीर्ष दो देशों को टीम कोटा प्रदान किया गया है।



पहला ओलंपिक क्वालीफायर पिछले साल बर्लिन में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के दौरान आयोजित किया गया था, जहाँ से दक्षिण कोरिया, तुर्की और जापान ने पुरुष वर्ग में क्वालीफाई किया था, जबकि जर्मनी और मैक्सिको ने महिला वर्ग में अपना स्थान सुरक्षित किया। दूसरा चरण एशियाई क्वालीफायर था। कजाकिस्तान और दक्षिण कोरिया ने एशियाई चरण से क्रमशः पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल किया, जबकि कोलंबिया और संयुक्त राज्य अमेरिका ने पैन अमेरिका से कट बनाया।

यूरोपीय चरण से, इटली (पुरुष) और नीदरलैंड (महिला) ने कोटा हासिल किया। अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर पिछले सप्ताह अंताल्या में आयोजित किया गया था। जहां, पुरुष वर्ग में मैक्सिको, चीनी ताइपे और ग्रेट ब्रिटेन और महिला वर्ग में चीन, मलेशिया, ग्रेट ब्रिटेन और चीनी ताइपे ने फाइनल क्वालीफायर से कोटा हासिल किया।

**तरुण, दीपिका का चौथा ओलंपिक**

एथेंस 2004 में ओलंपिक में पदार्पण करने वाले चालीस वर्षीय सेना के अनुभवी तरुणदीप राय अपने चौथे ओलंपिक में भाग लेंगे। वहीं, पूर्व विश्व नंबर 1 दीपिका कुमारी के लिए भी यही स्थिति है, जो लंदन 2012 में अपने पहले ओलंपिक में भाग लेने के बाद लगातार चौथे ओलंपिक में दिखेंगी। धीरज बोम्मादेवरा, अंकिता भक्त और भजन कौर अपना ओलंपिक पदार्पण करेंगे, जबकि प्रवीण जाधव के लिए यह टोक्यो के बाद उनका दूसरा लगातार ओलंपिक ह ोगा।

**भारतीय तीरंदाजी टीम :**

**पुरुष :** तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव।

**महिला :** दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त।

## ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलना चाहिए: उस्मान ख्वाजा

**नई दिल्ली। एजेंसी**

उस्मान ख्वाजा का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलना चाहिए, हालांकि तालिबान शासन के कारण महिलाओं के मानवाधिकारों के मुद्दे पर उनकी सहानुभूति है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों में उल्लेखनीय गिरावट का हवाला देते हुए दो बार (एक टेस्ट मैच जो ऑस्ट्रेलिया में खेला जाना था और एक टी20 सीरीज, जो विदेश में खेलना था) अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने से मना कर दिया है। राशिद खान ने टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया पर अफगानिस्तान की अविश्वसनीय जीत के बाद कहा कि उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि विश्व कप के आयोजन तो हो सकते हैं लेकिन द्विपक्षीय क्रिकेट क्यों नहीं। मेलबर्न में अमेजन प्राइम इवेंट में नाइन न्यूजपेपर्स से बात करते हुए ख्वाजा ने कहा, ःमुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि हमें अफगानिस्तान के साथ खेलना चाहिए।



मैं पहेली के दोनों पक्षों से सहानुभूति रखता हूं। मैं अफगानिस्तान में महिला क्रिकेट के मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के रुख के कई पहलुओं का पूरी तरह से सम्मान करता हूं अऔर उनसे सहमत हूं, लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी है, खेल को बढ़ावा देना और बढ़ाना।

### हॉकी ने जो कुछ भी दिया है, उसके लिए आभारी हूं: गोलकीपर माधुरी किंडो

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम की गोलकीपर माधुरी किंडो, जिन्हें हाल ही में जूनियर टीम से पदोन्नत किया गया है, ने हॉकी को अपने जीवन में सम्मान और स्थिर आय का स्त्रोत देने का श्रेय दिया है। माधुरी ओडिशा के बिरमित्रपुर के एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। बिरमित्रपुर राउरकेला के राजसी बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम से एक घंटे की दूरी पर है। माधुरी ने अपने जीवन में हॉकी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा बिरमित्रपुर में हमारे पास बिना पक्की छत वाले दो घर थे और परिवार में एकमात्र स्थिर आय मेरे भाई मनोज की थी। उन्होंने करीब एक साल तक नए घर के निर्माण का सारा खर्च उठाया। पश्चिमी रेलवे से नौकरी का प्रस्ताव मिलने के बाद, मैं आखिरकार उनके साथ बोझ साझा कर सकती थी। अपने भाई की मदद करने में सक्षम होना मेरे लिए संतुष्टिदायक था, क्योंकि उन्होंने मुझे उस खेल से परिचित कराया था। मैं हॉकी की आभारी हूं जिसने मुझे आय, समुदाय में सम्मान और उपलब्धि दी। जब उनके पिता शंकर किंडो खेतों में काम करते थे, तब माधुरी अपने भाई मनोज किंडो के हॉकी कौशल से मोहित हो जाती थीं। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए, माधुरी ने हॉकी स्टिक उठाई और 2012 में पानपोश स्पोर्ट्स हॉस्टल में शामिल हो गईं। माधुरी शुरू में एक डिफेंडर के रूप में शामिल हुईं, लेकिन अपने एथलेटिक कौशल और त्वरित प्रतिक्रियाओं के कारण, वह गोलकीपर बन गईं।

# वाणिज्य

## एसएंडपी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.8 फीसदी पर कायम रखा

**नई दिल्ली। एजेंसी**

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर अनुमान को 6.8 फीसदी पर कायम रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने एशिया प्रशांत के लिए जारी आर्थिक परिदृश्य में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आर्थिक वृद्धि के साथ हैरान कर रही है। एजेंसी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.8 फीसदी पर आ जाएगी। एसएंडपी ने अनुमान जताया कि वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था क्रमशः 6.9 फीसदी और सात फीसदी की दर से बढ़ेगी। एजेंसी ने चीन के लिए 2024 के अपने आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 4.8 फीसदी कर दिया है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एसएंडपी का भारत के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुमान से कम है। इसी महीने आरबीआई ने अनुमान जताया था कि चालू वित्त वर्ष में देश की अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की दर से बढ़ेगी। इसके अलावा फिच ने वित्त वर्ष 2024-2025 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.2 फीसदी और एशियाई विकास बैंक ने सात फीसदी रहने का अनुमान जताया है।




## सरकार ने जमाखोरी रोकने के लिए 31 मार्च 2025 तक गेहूं की स्टॉक लिमिट तय की

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 31 मार्च, 2025 तक गेहूं की स्टॉक लिमिट तय कर दी है। सरकार ने गेहूं की कीमतों में स्थिरता लाने और जमाखोरी रोकने के लिए यह कदम उठाया है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने तथा जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू की है। मंत्रालय के मुताबिक यह आदेश 24 जून से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 मार्च, 2025 तक लागू रहेगा।

मंत्रालय के मुताबिक थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं के स्टॉक की अधिकतम सीमा 3 हजार टन होगी, जबकि यह प्रोसेसर के लिए यह प्रसंस्करण क्षमता का 70 फीसदी होगी। इसके साथ ही बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन प्रति बिक्री केन्द्र की होगी, जिसकी कुल सीमा 3,000 टन होगी तथा एकल खुदरा बिक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 टन की होगी।



खाद्य मंत्रालय के मुताबिक एक अप्रैल, 2023 को गेहूं का शुरूआती स्टॉक 82 लाख टन था, जबकि एक अप्रैल, 2024 को यह 75 लाख टन था। मंत्रालय ने कहा कि पिछले साल 266 लाख टन की खरीद की गई थी, जबकि इस साल सरकार ने 262 लाख टन की खरीद की है और खरीद अभी भी जारी है। इसलिए (शुरूआती स्टॉक में) गेहूं की कमी सिर्फ तीन लाख टन की है। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि एकल खुदरा विक्रेता, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता, प्रोसेसर और थोक विक्रेता प्रत्येक शुक्रवार को अपने पास भंडारित गेहूं के स्टॉक का खुलासा करेंगे।

## गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 296 अंक लुढका

**नई दिल्ली। एजेंसी**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान पर खुला। फिलहाल बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 295.74 अंक यानी 0.38 फीसदी की गिरावट के साथ 76,914.16 अंक पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 95.95 अंक यानी 0.41 फीसदी फिसलकर 23,405.15 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 शेयर में गिरावट और 4 शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है।

इससे पहले शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ की। एक समय कारोबार के दौरान सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा लुढ़क गया। वहीं निफ्टी में भी 100 अंक से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। इससे पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 21 जून को कारोबार के अंत में सेंसेक्स 269 अंकों की गिरावट के साथ 77,209 पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी 65 अंक की गिरावट के साथ 23,501 के स्तर पर बंद हुआ था।



### कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 86 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.06 डॉलर यानी 0.07 फीसदी की गिरावट के साथ 85.18 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.09 डॉलर यानी 0.11 फीसदी लुढ़कर 80.60 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल का भाव 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# अपराधो पर अंकुश लगाने की दुहाई से सत्तासीन हुई भाजपा शासन में महिला अत्याचार के मामलो ने रिकार्ड तोड़े : डोटासरा

चमकता राजस्थान

**जयपुर (अत्री कुमार दाधीच)।** जनसमस्याओं को लेकर कोटा शहर, कोटा देहात तथा बूंदी जिला कांग्रेस द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में राजस्थान की भाजपा सरकार के विरूद्ध कलेक्ट्री के सामने व्यापक विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विरोध-प्रदर्शन में जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि कोटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त उत्साह के साथ लोकसभा चुनाव लड़ा और जीत के करीब पहुंचे देशभर में संदेश दिया की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला चुनाव हार रहे हैं, किन्तु अंतिम दो दिन पुलिस प्रशासन ने अलोकतांत्रिक भूमिका निभाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं को प्रताड़ित कर भाजपा के पक्ष में चुनाव परिणाम लाने का कार्य किया जिसे भुलाया नहीं जायेगा और आने वाले समय में कांग्रेस ऐसे प्रशासनिक अधिकारियों को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा ने चुनाव पूर्व आम जनता से बड़े-बड़े वादे किये थे, कांग्रेस के खिलाफ जबरदस्त दुष्प्रचार किया, प्रधानमंत्री स्वयं ने प्रदेश में घूम-घूम कर 18 सभायें की तथा कांग्रेस पर भ्रष्टाचार और अनेक झूठे आरोप लगाकर भ्रमित करने का कार्य किया। भाजपा ने बहकाकर प्रदेश में सरकार तो बना ली, लेकिन पिछले 6 माह में राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश हित में ना तो कोई कार्य किया है और ना ही जनता की तकलीफों को दूर करने हेतु कोई निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि भ्रमित कर भाजपा ने राजस्थान में सत्ता तो हथिया ली और पर्ची के माध्यम से मुख्यमंत्री को कमान सौंप दी, किन्तु इस डबल इंजन की सरकार के शासन में कानून-व्यवस्था बेपटरी हो गई है, प्रदेश में कोई व्यक्ति सुरक्षित नहीं है, घर, बाजार, अस्पताल सब जगह अपराध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा अत्याचार हमारे प्रदेश की मातृशक्ति और दलितों के विरूद्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच माह में हमारे प्रदेश की 2875 माता-बहिनों के साथ रेप की घटनायें हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में हमारी माता-बहिनें सुरक्षित नहीं है, प्रतिदिन 18-19 रेप की घटनायें घटित हो रही है जो शर्मसार करने वाली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में कानून व्यवस्था की दुहाई देने वाले भाजपा नेता कहां गये वो बढ़ते अपराधों पर कुछ बोलते क्यों नहीं है।




उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में कोटा के बूढ़ा तीर्थ में गैंगरेप पीड़िता ने आत्महत्या की, ऐसी शर्मसार करने वाली घटनायें घटित हो रही है। कोटा में ही नीट की तैयारी करने वाली छात्रा के साथ गैंगरेप हुआ, कोचिंग संचालक ने एक छात्रा के साथ गैंगरेप कर दिया। कोटा के गुमानपुरा में नाबालिक बहनों के साथ गैंगरेप हुआ, कोटा में ही मजदूरी कर घर लौट रही एक महिला के साथ गैंगरेप हुआ, बूंदी में दो साल की बच्ची के साथ रेप हुआ, बूंदी में ही नाबालिक को बंधक बनाकर गैंगरेप किया गया। मुख्यमंत्री के गृह जिले भरतपुर में 8 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप हुआ, भरतपुर से जयपुर आती बस के अंदर गैंगरेप हुआ, अजमेर के प्लेटफार्म पर नाबालिक के साथ गैंगरेप हुआ, विराटनगर में भी बच्ची के साथ दरिंदगी और जानलेवा हमला हुआ, जयपुर के पुलिस क्वार्टर में नाबालिक के साथ रेप हुआ, अलवर में पुलिस वालों ने गैंगरेप किया, बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में छात्रा के साथ गैंगरेप हुआ, जालौर में प्रिंसिपल ने छात्रा के साथ रेप किया, यह सारे आंकड़े शर्मसार करने वाले हैं, किन्तु मुख्यमंत्री का इस ओर ध्यान नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रदेश में पर्ची से सरकार तो बन गई, किन्तु गृहमंत्री भी स्वयं मुख्यमंत्री ही हैं और प्रदेश की कानून-व्यवस्था ठीक करने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री के कंधों पर ही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर ध्यान देने की बजाए केवल भ्रमण पर रहते हैं, भाषण देते हैं, लेकिन जनता की पीड़ा की ओर उनका ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सरकार केवल और केवल जनता को भ्रमित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में अजीब से हालात है, कोई मंत्री जेब में इस्तीफा लिये घूम रहा है, भाजपा का कोई मंत्री सरकारी गाड़ी छोड़ रहा है, लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा है सब नौटंकी कर रहे हैं, किन्तु राजस्थान की जनता ने नौटंकी नहीं अपितु प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु सरकार में बिठाया था। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता ने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिये, नौजवानों को नौकरी, किसानों को, दलितों को, पिछड़ों को, आम जनता को पानी मिले, बिजली मिले, यह जिम्मेदारी सौंपी थी, किन्तु छः महीने में राजस्थान में डबल इंजन की सरकार के शासन में 12,692 महिला अत्याचार के मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि अप्रेल और मई माह में हत्या के 28 प्रतिशत मामले बढ़ चुके हैं और अप्रेल से मई एक महीने में ही दलित और आदिवासियों पर अत्याचार के मामले 35 प्रतिशत बढ़ चुके हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोगों को पानी नहीं मिल रहा, महिलायें, बच्चे, बुजुर्ग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं, त्राहिमाम-त्राहिमाम हो रहा है। उन्होंने कहा कि सिंचाई के लिए दो घण्टे से ज्यादा बिजली नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि नौजवानों को नौकरी, किसानों को बिजली देने की जिम्मेदारी राजस्थान सरकार की है और उन्हें अपनी जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी, इससे बचने का कोई उपाय नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बिजली नहीं होने के कारण भीषण गर्मी में रात को चैन की नींद भी नहीं ले पाती, इसके लिए भाजपा की डबल इंजन की सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि बिजली के अभाव में लोगों को पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, ऐसी व्यवस्था आज भाजपा के शासन में प्रदेशवासी झेलने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के जो नेता परीक्षाओं को लेकर बड़ी-बड़ी बात करते थे प्रतिदिन पेपर लीक के आक्षेप कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार पर लगाते थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने तो पेपर लीक होने पर दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा था तथा राजस्थान की विधानसभा में इसके विरुद्ध का कड़ा कानून बनाने का कार्य किया था जिसमें एक करोड़ रुपये जुर्माना और 10 साल की सजा का प्रावधान था। देश के प्रधानमंत्री से उस वक्त भी कांग्रेस ने आग्रह किया था कि पेपर लीक राजस्थान की नहीं पूरे देश की समस्या है, इसे राजनीतिक हथियार बनाने की बजाए देश में इस पर लगाम लगाने हेतु कानून बनाया जाये, लेकिन भाजपा ने लोगों को बरगलाकर सत्ता लेने का कार्य किया। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि यदि भाजपा में नैतिकता शेष है तो नीट पेपर लीक के आरोपियों के खिलाफ सही प्रकार से जांच कराये और प्रदेश में भी जो आरोप उन्होंने लगाए थे उसकी भी जांच निष्पक्षता से कराये अन्यथा झूठे आरोप लगाना बंद करें।

उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि नीट का पेपर आउट हो गया लेकिन केन्द्र की सरकार अनियमितताओं की जांच तो सीबीआई से करवा रही है किन्तु पेपर निरस्त नहीं कर रही, क्योंकि नीट पेपर परीक्षा में बहुत बड़ा घोटाला हुआ है और पेपर माफिया के तार देश के शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में कोटा को और कोटा के नेताओं को प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखा जाता है, किन्तु ना जाने कहां से कोटा में राजस्थान सरकार के एक शिक्षा मंत्री आ गये जो प्रतिदिन अनर्गल बातें करते हैं। उन्होंने कहा कि आश्चर्य है कि 14 आपराधिक मुकदमे जिस व्यक्ति पर हो उसे शिक्षा जैसे महकमें की जिम्मेदारी दी गई है और वह व्यक्ति अपने विभाग के कार्य करने की बजाए प्रतिदिन अनर्गल आरोप दूसरों पर लगाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री आरएसएस के दिखाये मार्ग पर चल रहे हैं जो कि झूठ बोलो, बार-बार बोलो और झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित करते रहो के अलावा कुछ भी नहीं है, किन्तु जनता अब समझ चुकी है। उन्होंने कहा की नीट के पेपर आउट होने का खुलासा बिहार के उप मुख्यमंत्री कर रहे हैं, बिहार में दो एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं, उसकी जांच सीबीआई कर रही है, तो प्रश्न यह है कि अब केन्द्र सरकार इस परीक्षा को निरस्त क्यों नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि जो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट का पेपर करवा रही है इस एजेंसी में नीट, पीजी, सीएसआईआर और नेट की परीक्षा निरस्त अथवा स्थगित कर दी तो फिर ऐसी अ सक्षम एजेंसी द्वारा कराई गई परीक्षा को निरस्त करने से केन्द्र सरकार क्यों पीछे हट रही है, यह देश की जनता जानना चाहती है। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों को लूटने का कार्य देश की सरकार कर रही है और प्रदेश की भाजपा सरकार कह रही है कि जो 300 से अधिक कॉलेज राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने खोले उनकी समीक्षा करेंगे। उन्होंने 25 लख रुपये निःशुल्क ईलाज की योजना को बंद करने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना जिसके द्वारा लोगों को लाभ मिला, राजस्थान स्वस्थ रहे यह परिकल्पना साकार हुई, देशभर में प्रशंसा हुई उस योजना को स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री अनावश्यक बता रहे हैं और कह रहे हैं कि यह योजना लोगों को 25 लाख का बीमा देती है इसलिये फायदेमंद नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री को तो देश के प्रधानमंत्री को खुश रखना है इसलिए उनके द्वारा चलाई गई 5,00,000 की बीमा योजना ही लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अंग्रेजी माध्यम के 100 से अधिक स्कूल खोले, जिसमें 7.30 लाख बच्चे गरीबों के, दलितों के, पिछड़ों के अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और अपना भविष्य बना रहे हैं, उस पर भी भाजपा के नेता सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर कह रहे हैं कि बच्चे अंग्रेजी शिक्षा नहीं कागला कमेडी आदि पढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को शर्म नहीं आती खुद के बच्चों को तो डॉक्टर, इंजीनियर और विदेश में शिक्षा दिलवाते हैं, किन्तु राजस्थान के बच्चे अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ग्रहण कर ले तो उन्हें दिक्कत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री को यह भी पता नहीं की राजस्थान की पूर्ववर्ती सरकार ने जिला लेवल पर आठवीं तक की स्कूल खोली थी जिसमें हिंदी मीडियम के बच्चों को जबरन शामिल नहीं किया गया था बल्कि अंग्रेजी माध्यम में जो पढ़ना चाहते थे और प्राइवेट स्कूलों में अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा अभिभावक खर्च कर रहे थे उन्होंने अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करवाया था। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों में 50000 की फीस सालाना भरते थे, वही बच्चे सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ने के लिए आये और आज दसवीं की बोर्ड परीक्षा में बच्चों का परिणाम हिंदी माध्यम के स्कूलों से ज्यादा श्रेष्ठ महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम की स्कूलों का रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को समझना होगा कि कब तक भ्रमित करके काम चलाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने इस बार लोकसभा चुनाव में 11 स्थान पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताकर भाजपा नेताओं की नींद उड़ा दी है। उन्होंने कहा कि कोटा में थोड़ी सी कसर रह गई वरना यहां भी सांसद कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल ही बनते। उन्होंने कहा कि कोटा के कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने जानकारी दी है कि कोटा में एक प्रशासनिक अधिकारी भाजपा के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को परेशान करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आज यह इस मंच से उस प्रशासनिक अधिकारी को चेतावनी देते हैं कि कानून के मुताबिक काम करें वरना कांग्रेस के कार्यकर्ता तुम्हारे जुल्मों को सहन करने के लिए नहीं बने, बराबर जवाब देंगे, सदन से सड×क तक लड़ाई करके घुटनों के बल लाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी सदन से लेकर सड×क तक संघर्ष करने के लिए जायेगी और जवाब लेंगे कि जिस व्यक्ति के खिलाफ 14 मुकदमे है उसके खिलाफ हिस्ट्रीशीट क्यों नहीं खुली। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सच्चाई के मार्ग पर चलने का हौसला दिया है, जुल्म और अन्याय के विरूद्ध लड़ने का मार्ग दिखाया है, इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा सरकार द्वारा पुलिस प्रशासन द्वारा किये जा रहे दुरुपयोग के खिलाफ संघर्ष करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और सच्चाई के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता तैयार रहे क्योंकि दिल्ली की केन्द्र सरकार दो साल भी पूरे नहीं कर पायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में अफसर शाही के खेल के कारण भाजपा नेताओं, मंत्रियों और विधायकों की ही दुर्गति हो रही है वह एक बाबू भी नहीं लगा सकते, जनता के काम तो क्या करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता अपने यहां एक बाबू नहीं लगा सकते यह कैसी डबल इंजन की सरकार है, उन्हें शर्म से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो मातृशक्ति की रक्षा नहीं कर सके वह कैसी डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि जो बच्चों की पढ़ाई नहीं करवा सके वह कैसी डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि जो युवाओं को रोजगार नहीं दे सके यह कैसी डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को कांग्रेस शासन में 100 यूनिट बिजली निःशुल्क मिलती थी, कृषि कनेक्शन में 2000 यूनिट प्रतिमाह बिजली निःशुल्क थी, आज नये कनेक्शन लेने वालों को यह लाभ नहीं मिल रहा है। चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई है, लोगों को ईलाज नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार गुजरात मॉडल राजस्थान में लाना चाहती है वह नहीं चलने देंगे, समीक्षा के नाम पर राजस्थान की भाजपा सरकार कांग्रेस शासन में लागू जन कल्याणकारी योजनायें बंद करना चाहती है, उसके विरुद्ध राजस्थान की जनता के हक को दिलवाने हेतु जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस संघर्ष करेगी, क्योंकि यह सरकार जनता के लिए चलती है, भाजपा को यह समझना होगा कि नेताओं की सुविधा के लिए नहीं बनती है। उन्होंने कहा कि पिछले छः माह से समीक्षा के अलावा भाजपा सरकार कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि भाजपा को जो पर्ची सरकार बनाने के लिए भेजी थी उसकी समीक्षा कर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री ना तो काम करते हैं और ना ही उनसे कोई मिल सकता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र शुरू होने वाला है, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में कांग्रेस के 70 विधायक राजस्थान की भाजपा सरकार की नाक में नकेल डालकर जनता के हित में कार्य करने हेतु बाध्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कोटा से भाजपा की राजस्थान सरकार के विरुद्ध जनसंघर्ष की शुरुआत हुई है, जिसे प्रदेश के सभी 25 लोकसभा क्षेत्र में ले जाकर जनता के लिए संघर्ष करने का कार्य राजस्थान प्रदेश कांग्रेस करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के शिक्षा मंत्री ने जो आदिवासियों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी की है, उसकी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस घोर निंदा करती है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के आदिवासी समुदाय वह है जिसने अंग्रेजो के शासन में उनके जुल्म और प्रताड़ना के विरुद्ध संघर्ष किया, घुटने नहीं टेके, इसलिए, ऐसे समुदाय के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी करने वाला व्यक्ति निंदा योग्य है। उन्होंने कहा कि इस सरकार का डीएनए टेस्ट इस बार राजस्थान के विधानसभा में सत्र के दौरान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षा मंत्री मदन दिलावर आदिवासी समुदाय से माफी नहीं मांगेंगे तब तक कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अध्यापक का बेटा हूं और मैंने भी शिक्षा मंत्री का दायित्व निभाया था तथा ईमानदारी से कार्य किया और भाजपा के नेताओं के आरोपों में यदि थोड़ी भी सच्चाई होती तो यह डबल इंजन की सरकार अब तक तो कार्यवाही कर चुकी होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी से लगता है कि पाँच साल में एक भर्ती पूरी ढंग से नहीं कर पायेगी, क्योंकि बिना सोच-समझे मुख्यमंत्री कुछ भी बोल देते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अधिकारियों के भरोसे नहीं रहना चाहिए, क्योंकि अधिकारी तो जो सरकार में आये उसके चारों ओर चक्कर काटते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री को सरकार में शिक्षा मंत्री जो अनर्गल बयानबाजी और अपमानजनक टिप्पणियां समुदायों पर करते हैं उनका इस्तीफा लेकर अच्छे काम की शुरुआत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के नेता महंगाई बेरोजगारी और कानून व्यवस्था की बात नहीं कर रहे हैं, नये जिलों को खत्म करने की बात कह रहे हैं, सभी योजनाओं की समीक्षा के नाम पर समय निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का कार्य किया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। भाजपा सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि संघर्ष के लिए तैयार रहे और तत्परता के साथ जनता के बीच सक्रिय रहें।

# ...ताकि सबको मिले अपना आवास

## आवासन मंडल का एक और बेहतरीन प्रयास

## 26 जून को बुधवार नीलामी उत्सव

### कुल 3,339 स्वतंत्र आवास/फ्लैट्स/भूखंड की नीलामी

### 50 फीसदी तक की भारी छूट के साथ हर वर्ग के लिए शानदार ऑफर

चमकता राजस्थान

जयपुर, 24 जून। हमारा प्रयास, सबको आवास, अपनी इस टैगलाइन के साथ काम कर रहे राजस्थान आवासन मंडल की ओर से आमजन के लिए बेहतरीन योजना तैयार की गई है। जिसके तहत 26 जून 2024 को बुधवार नीलामी उत्सव में जयपुर, जोधपुर ,अजमेर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में कुल 3,339 स्वतंत्र आवास, फ्लैट्स और भूखंड की नीलामी की जाएगी। खास बात ये है कि ये नीलामी 50 फीसदी तक की छूट के ऑफर के साथ की जा रही है।

- **1 जुलाई से नई दरें, पुरानी दरों पर खरीद का स्वर्णिम अवसर**

राजस्थान आवासन मंडल की ओर से की जाने वाली ई-बिड सबमिशन योजना के तहत जयपुर, जोधपुर, अजमेर, बाड़मेर, कोटा, उदयपुर और अलवर में कुल 3,339 स्वतंत्र आवास, फ्लैट्स और भूखंड उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। आवासन मंडल की ओर से पुरानी दरों पर खरीद का ये अंतिम स्वर्णिम अवसर होगा, क्योंकि एक जुलाई 2024 से नई दरें लागू होने जा रही है।

- **हर व्यक्ति का अपनी छत का सपना होगा साकार**

» आवासन आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार हर व्यक्ति को अपनी छत देने का संकल्प पूरा करने के लिए राजस्थान आवासन मंडल प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग की आर्थिक स्थिति को देखते राजस्थान आवासन मंडल की ओर से ये योजनाएँ लाई गई है। ताकि किसी भी व्यक्ति के लिए अपने घर का सपना केवल सपनी ही ना रह जाए। आवासन मंडल का हमेशा से ये प्रयास रहा है और आगे भी यही कोशिश जारी रहेगी।

### कहां-कितने स्वतंत्र आवास, फ्लैट्स और भूखंड ?

**जयपुर वृत्त प्रथम:-**
महला आवासीय योजना, अजमेर रोड में कुल 735 फ्लैट्स
व्यास अपार्टमेंट, प्रताप नगर में कुल 15 फ्लैट्स
गोदावरी अपार्टमेंट, प्रताप नगर में 5 फ्लैट्स
गंगा अपार्टमेंट, प्रताप नगर में 2 फ्लैट्स
सरस्वती अपार्टमेंट, प्रताप नगर में 13 फ्लैट्स

**जयपुर वृत्त द्वितीय:-**
नाका मदार, अजमेर में कुल 18 आवास
गढ़ी थोरियान आवासीय योजना, ब्यावर में 3 आवास
के.जी. रोड, किशनगढ़ फेज-4 में 2 2 आवास
आवासीय योजना, नसीराबाद में 1 आवास

**जोधपुर वृत्त प्रथम:-**
कुड़ी भगतासनी योजना, जोधपुर में एक डुप्लेक्स सहित 556 फ्लैट्स
विवेक विहार योजना में कुल 670 फ्लैट्स

**जोधपुर वृत्त द्वितीय:-**
मगरा आवासीय योजना, बाड़मेर में कुल 210 फ्लैट्स

**कोटा वृत्त:-**
नैनवां में कुल 11 भूखंड
झालरापाटन में 1 आवास
मंगरोल में 239 फ्लैट्स
छीपाबड़ौद में 192 आवास
छबड़ा में 339 आवास
चैमहला में 206 आवास
रामगंजमंडी में 19 आवास
सुनेल में 04 आवास
जेल रोड आवासीय योजना, झालावाड़ में 10 आवास

**उदयपुर वृत्त:-**
अटल नगर, भींडर में 05 आवास
आवासीय योजना प्रतापुर में 36 आवास
साउथ एक्सटेंशन, उदयपुर में 6 फ्लैट्स
शास्त्री नगर, बांसवाड़ा में 1 आवास
आवासीय योजना, सागवाड़ा में 03 आवास

**अलवर वृत्त:-**
एनईबी एक्सटेंशन, अलवर में 23 फ्लैट्स
एसबब्ल्यूबी, अलवर में 03 फ्लैट्स
भिवाड़ी में 05 फ्लैट्स
बाड़ी रोड, धौलपुर में 04 फ्लैट्स
सेक्टर 4 एवं 7 में 02 आवास

**पहले गृह प्रवेश, फिर पूरा भुगतान**

आवासन मंडल की ओर से 50 फीसदी तक की छूट के साथ उपलब्ध करवाए जा रहे इन आवास, फ्लैट्स और भूखंडों में 10 फीसदी भुगतान देकर गृह प्रवेश किया जा सकेगा। जबकि बाकी भुगतान 156 आसान मासिक किश्तों में किया जा सकेगा। इस योजना में आवेदन के लिए ई-मित्र पर 100 रुपए का शुल्क देकर ई-बिड सबमिशन में भाग लिया जा सकता है। इसके अलावा ऑनलाइन प्रस्ताव देने के लिए आवासन मंडल की वेबसाइट rhb.rajasthan.gov.in पर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा दी गई है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पुरा, जयपुर से मुद्रित एवं 19 देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929